हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, बुधवार 15 जुलाई 2026



# एल्डरमैन की नियुक्ति में सभी गुटों को साधने का प्रयास, नए-पुराने चेहरों को मौका

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अलग खबर

प्रदेश में सरकार बनने के ढाई साल बाद एल्डरमैन की नियुक्ति भी कर दी गई है। राजनांदगांव नगर निगम में भी सभी आठ एल्डरमैन के नाम सामने आ गए हैं। इस बार एल्डरमैन की सूची में भाजपा ने नए चेहरों के साथ ही पुराने साथियों को भी अवसर दिया है। वहीं जातिगत समीकरण, युवा वर्ग के साथ ही महिलाओं को भी बराबर स्थान देने की कोशिश की गई है। इसके अलावा जिला भाजपा के लगभग सभी गुटों से भी समर्थकों का नाम इस सूची में शामिल है।

## सभी नवनियुक्त एल्डरमैन ने निगम सभाकक्ष में ली शपथ, अब शहर विकास में करेंगे सहयोग

### संघ को भी मिली जगह

भाजपा सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नगर निगम में नियुक्त किए गए आठ में से दो एल्डरमैन महापौर मधुसूदन यादव के खेमे से हैं। इसके अलावा पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, विधायक प्रतिनिधि संतोष अग्रवाल, भाजयुमो प्रदेश मंत्री मोनू बहादुर सिंह की पसंद को तवज्जो दी गई है। इसके साथ ही आरएसएस से जुड़े एक पदाधिकारी की पत्नी को भी एल्डरमैन की सूची में स्थान दिया गया है।

### खास बातें

- युवा चेहरों के साथ ही अनुभव पर भी जताया भाजपा ने भरोसा
- निगम में शपथ ग्रहण का हुआ आयोजन



### सभी ने ली शपथ

इधर एल्डरमैन की नियुक्ति के बाद मंगलवार को नगर निगम के सभाकक्ष में शपथ ग्रहण का आयोजन रखा गया था, जहां सभी आठ एल्डरमैन ने पहुंचकर शपथ ली। इस दौरान निगम महापौर मधुसूदन यादव सहित सभी पार्षदों की उपस्थिति रही। अब इन एल्डरमैन को शहर विकास के लिए होने वाली चर्चा में भी शामिल किया जाएगा। इसके साथ ही यह अपनी निधि से विकास कार्य भी करा पाएंगे।

### एल्डरमैन को पार्षदों के बराबर वेतन, आधी निधि

ज्ञात हो कि प्रदेश में नगर निगम के एल्डरमैन को निवार्चित पार्षदों के बराबर ही मानदेय दिया जाता है। इसके अलावा प्रत्येक एल्डरमैन को विकास कार्यों के लिए सालाना तीन लाख की निधि भी दी जाती है, जिसे एल्डरमैन नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत कहीं भी विकास काम के लिए उपयोग कर सकते हैं।

भाजपा सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार एल्डरमैन को लेकर पहले भी दो दफा सूची फाइनल की जा चुकी थी। करीबन छह महीने पहले तो कई नाम सामने भी आए थे। हालांकि उन नामों को लेकर कई वरिष्ठ नेताओं में संतुष्टि देखने को नहीं मिल रही थी। यही कारण था कि नाम ऐलान से पहले उस सूची में कई बदलाव देखने को मिले हैं। बताया गया कि प्रदेश भाजपा भी हाईप्रोफाइल जिला होने के चलते राजनांदगांव में किसी भी तरह के विवाद से बचना चाहता है। यही कारण है कि इस सूची से पहले कोर ग्रुप को पूरी तरह से संतुष्ट करने की कोशिशें भी की गई है।




## प्रति सौ यूनिट पर पड़ेगा 30 रुपए तक का अतिरिक्त भार

# जुलाई में आ रहा दोगुना बिजली बिल अब टैरिफ बढ़ने से पड़ेगी दोहरी मार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भीषण गर्मी के बीच जून के महीने में बिजली की खपत बढ़ना लाजमी है, लेकिन इस पूरे महीने उपभोक्ता बार-बार बिजली बंद होने की समस्या से जूझते रहे। मई-जून माह में खपत अधिक होने से बिजली का बिल ज्यादा आने पर उपभोक्ताओं ने संतुष्टि कर ली, लेकिन अब जुलाई महीने में खपत कम होने के बाद भी दोगुने बिजली बिल ने उपभोक्ताओं को परेशानी में डाल दिया है। जुलाई माह का बिल देखकर ही पसीने छूट रहे हैं, जिन घरों में 6 से 8 सौ रुपए के भीतर बिजली का बिल आता था, वहां अब ढाई से तीन हजार रुपए का बिजली बिल आया है, इसको लेकर उपभोक्ता में नाराजगी है। अधिक बिजली का बिल आने से मध्यमवर्गीय और गरीब तबके के घरों का बजट बिगड़ गया है।

**विपक्षियों के प्रदर्शन का असर नहीं**

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग द्वारा बढ़ोत्तरी की गई बिजली की नई दरें 1 जुलाई से लागू हो चुकी है। जिसमें लगभग साढ़े छह प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है। इसका सीधा असर घरेलू उपभोक्ताओं सहित कृषि और व्यवसायिक क्षेत्र में पड़ रहा है। नियामक आयोग द्वारा घरेलू में 30 से 50 पैसे प्रति यूनिट की बढ़ोत्तरी की गई है। बिजली बिल की टैरिफ में बढ़ोत्तरी के मामले को लेकर विपक्षी राजनीतिक पार्टियों ने प्रदर्शन भी किया, लेकिन इसका कोई असर नहीं हुआ और दरें लागू हो गई।

### लगातार तीन महीने से बढ़ रहा बिल

बिजली उपभोक्ताओं के लिए परेशानी कम होने का नाम नहीं ले रही है। पिछले महीने में चार्ज बढ़ाए जाने से बिल की राशि अधिक आई थी, जिससे लोगो को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा था। ढ़ेरों शिकायतें भी इसको लेकर सामने आई थी। अब फिर से चार्ज बढ़ाए जाने से बिल की राशि बढ़ने से समास्या बढ़ जाएगी।




### फिर मिलेगा महंगे बिल का झटका

नियामक आयोग द्वारा जुलाई माह से बिजली खपत में टैरिफ दर बढ़ाए जाने से आम उपभोक्ताओं को बढ़ी दरों का झटका मिलेगा। जुलाई माह में बढ़ाई गई टैरिफ का बिल अगस्त माह में आएगा, जहां 1 जुलाई के बाद से रीडिंग हो रही है, वहां जुलाई की वर्तमान रीडिंग में बढ़ी हुई दर से जोड़ा जा रहा है। नई दरों में 0-100 यूनिट के लिए पहले 4.10 रुपए लगते थे, अब 4.40 रुपए लगेंगे। वहीं 101-200 यूनिट के लिए 4.20 रुपए की जगह 4.50 रुपए, 201-400 यूनिट के लिए 5.60 रुपए की बजाए 6 रुपए, 401-600 यूनिट में 6.60 रुपए की जगह 7 रुपए और 601 यूनिट से अधिक पर 8.80 रुपए लगेंगे।

### भुगतान संबंधी नियमों में भी हुआ बदलाव

नई टैरिफ व्यवस्था में भुगतान संबंधी नियमों में भी बदलाव किया गया है। अब अग्रिम बिजली बिल जमा करने वाले उपभोक्ताओं को मिलने वाली छूट 1.25 प्रतिशत से घटाकर 0.75 प्रतिशत कर दी गई है। वहीं, समय पर बिल जमा नहीं करने पर पहले की तरह 1.5 प्रतिशत मासिक सरचार्ज नहीं लगेगा। इसकी जगह अब हर दिन 0.04 प्रतिशत की दर से विलंब शुल्क वसूला जाएगा। अस्थायी बिजली कनेक्शन लेने वालों पर भी अतिरिक्त भार बढ़ा है। एलवी-1 और एलवी-2 श्रेणी के अस्थायी कनेक्शनों पर पहले सामान्य टैरिफ का 1.25 गुना शुल्क लिया जाता था, जिसे बढ़ाकर अब 1.5 गुना कर दिया गया है।

### स्मार्ट मीटर से शिकायत

जिन घरों में स्मार्ट मीटर लगा है, वहां अधिक बिजली बिल आने की शिकायत सामने आ रही है। कई परिवारों द्वारा बताया गया कि उनके घर में प्रतिदिन लगभग एक समय में एक तरह के ही विद्युत उपकरण चलाए जाते हैं, लेकिन स्मार्ट मीटर में प्रतिदिन की रीडिंग में लगभग 5 से 6 यूनिट का फर्क आ जाता है। जिसको लेकर उपभोक्ताओं ने स्मार्ट मीटर में गड़बड़ी का संदेह जाता है।

## खबर संक्षेप

### चाकू के साथ आरोपी पकड़ा गया

**राजनांदगांव**। चाकू लेकर आम लोगों को भयभीत करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति नंदई चौक स्थित सार्वजनिक स्थान पर धारदार लोहे का चाकू लेकर लोगों को भयभीत कर रहा है। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची एवं आरोपी तुलाराम सोनकर को घेराबंदी कर पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक धारदार लोहे का चाकू बरामद हुआ। आरोपी के विरुद्ध थाना बसंतपुर में धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत गिरफ्तार किया गया। आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया, जहां से जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल राजनांदगांव भेजा गया।

# आधी रात तक पुलिस की चार टीमों ने की काम्बिंग गश्त, 89 संदिग्ध की जांच



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अपराधों पर अंकुश रखने एवं असामाजिक तत्वों पर नकेल कसने के लिए पुलिस टीम ने बीती रात शहर के गली-मोहल्लों से लेकर चौक-चौराहों में कॉम्बिंग गश्त की। इस दौरान लगभग 89 असामाजिक तत्वों की चेकिंग की गई। पुलिस के इस अभियान से असामाजिक तत्वों में हड़कंप मचा रहा।

पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन में 13 जुलाई को रात्रि 9 बजे से प्रारंभ होकर देर रात तक जिला पुलिस द्वारा शहरी क्षेत्र में व्यापक कॉम्बिंग गश्त अभियान संचालित किया गया। उक्त अभियान में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन में 5 राजपत्रित अधिकारियों के अंतर्गत 11 निरीक्षक, 2 उप निरीक्षक तथा कुल 110 पुलिस बल की 4 विशेष टीम गठित कर विभिन्न थाना क्षेत्रों में एक साथ सघन चेकिंग एवं तस्दीक की कार्रवाई की गई। जिला पुलिस राजनांदगांव द्वारा इस कॉम्बिंग गश्त के माध्यम से स्पष्ट संदेश दिया गया है कि शहर में सक्रिय सभी गुंडा बदमाश, निगरानी बदमाश, माफी बदमाश एवं अन्य असामाजिक तत्वों पर सतत एवं कड़ी निगरानी रखी जा रही है। उनकी गतिविधियों पर पुलिस की पैनी नजर है तथा किसी भी प्रकार की अवैध, अपराधिक गतिविधि को बर्दाशत नहीं किया जाएगा।

### दस्तक देकर की जांच-पड़ताल

कॉम्बिंग गश्त के दौरान शहर के विभिन्न थाना क्षेत्रों में गुंडा बदमाश, निगरानी बदमाश, माफी बदमाश, स्थायी वारंटियों एवं किशोर पंजी में दर्ज ऐसे किशोरों की सघन चेकिंग की गई, जो अपराध प्रवृत्ति के हैं अथवा जिन पर अपराध में संलिप्त होने का संदेह है। सभी चिन्हित व्यक्तियों के निवास स्थानों पर पहुंचकर तस्दीक की गई तथा उन्हें कड़ी समझाइश दी गई कि वे भविष्य में किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधियों से दूर रहे। साथ ही उन्हें समय पर घर में उपस्थित रहने, अनावश्यक रूप से बाहर न घूमने एवं शराब सेवन कर किसी भी प्रकार का विवाद, झगड़ा न करने हेतु स्पष्ट निर्देश दिए गए।

### थाना-चौकी क्षेत्र में चला अभियान, मचा हड़कंप

यह विशेष कॉम्बिंग गश्त थाना कोतवाली, थाना बसंतपुर, चौकी चिखली एवं थाना लालबाग के विभिन्न क्षेत्रों में की गई। थाना बसंतपुर क्षेत्र अंतर्गत कुंआ चौक, नंदई चौक, इंदिरा नगर चौक, क्लब चौक, बसंतपुर, शिवनगर एवं बंगाली चाल क्षेत्र में दबिश देते कुल 20 गुंडा बदमाश, निगरानी बदमाश एवं अन्य असामाजिक तत्वों, चौकी चिखली क्षेत्र के सोलहखोली, नवागांव, बापूटोला, स्टेशनपारा, गौरीनगर, मोतीपुर आदि क्षेत्रों में भी कुल 25 असामाजिक तत्वों, थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत लखोली एवं अन्य क्षेत्र में कुल 16 गुंडा बदमाश, निगरानी बदमाश एवं माफी बदमाशों की चेकिंग की गई। थाना लालबाग क्षेत्र अंतर्गत पेंड्री बस्ती, पेंड्री अटल आवास आदि क्षेत्रों में भी कॉम्बिंग गश्त कर कुल 28 असामाजिक तत्वों की तस्दीक की कार्रवाई कर असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखी गई।

# म्यूल एकाउंट धारक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

साइबर धोखाधड़ी की राशि प्राप्त करने प्रयुक्त म्यूल एकाउंट धारकों की जांच पड़ताल करते पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा संचालित भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र के समन्वय पोर्टल से प्राप्त जानकारी के आधार पर ऐसे म्यूल बैंक खातों की पहचान की गई। जिनका उपयोग साइबर ठगी से प्राप्त धन राशि के लेनदेन, व्ययन एवं संवर्धन के लिए किया जा रहा था। जांच के दौरान यह पाया गया कि संबंधित बैंक खातों का उपयोग साइबर धोखाधड़ी से अर्जित अवैध धन राशि को प्राप्त करने एवं आगे हस्तांतरित करने के लिए किया गया, जिस पर थाना सिटी कोतवाली में धारा 317 (2), 317 (4), 317(5), 3 (5) भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### जेल भेजा गया आरोपी



पुलिस के अनुसार विवेचना के दौरान पूर्व में आधा दर्जन आरोपी को गिरफ्तार कर धारा 193 (3) बीएनएसएस के अन्य अरोपी के गिरफ्तारी हेतु विवेचना जारी रखते गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ चालान न्यायालय में पेश किया गया है। प्रकरण में विवेचना के दौरान 13 जुलाई को एक आरोपी आशुतोष चौधरी निवासी कालकापारा डोंगरगढ़ को अपराध सबूत पाए जाने से मामले में विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

# एक्सप्रेस में गूंजी बच्चे की किलकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

एक्सप्रेस में यात्रा के दौरान एक गर्भवती महिला ने चलती ट्रेन में पुत्र को जन्म दिया। प्रसव पीड़ा होने पर ट्रेन में सफर कर रही दो महिला यात्रियों ने मदद की और सकुशल प्रसव कराया। मां और बच्चे दोनों पूरी तरह स्वस्थ हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन पर जीआरपी और आरपीएफ की टीम को जैसे ही गर्भवती महिला को प्रसव पीड़ा होने की जानकारी मिली, उन्होंने तत्काल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां दोनों स्वस्थ बताई गई है। जीआरपी थाना से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह करीब 11 बजे के आसपास सिकंदराबाद एक्सप्रेस के जनरल कोच में



महिला यात्री के प्रसव की सूचना मिली। सूचना मिलते ही जीआरपी एवं आरपीएफ के जवान स्टेशन पर पहुंचे और प्रसव पीड़ा से पीड़ित महिला भारती नट उम्र लगभग 21 साल पति जितेंद्र नट निवासी कवर्धा तथा नवजात शिशु को सुरक्षित नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।

### जच्चा-बच्चा को पहुंचाया अस्पताल

गर्भवती महिला भारती नट के पति जितेंद्र नट ने बताया कि उनकी पत्नी की डिलीवरी में तकरीबन 15 दिन का समय शेष था। वे डिलवरी के लिए अपने घर कवर्धा लौट रहे थे। नागपुर के पास अचानक पत्नी को प्रसव पीड़ा शुरू हुई। उन्होंने गोंदिया स्टेशन में रेलवे अधिकारियों से मदद मांगी, लेकिन तब तक ट्रेन गोंदिया स्टेशन से रवाना हो चुकी थी। ऐसे कठिन समय में ट्रेन में सफर कर रही दो महिला यात्रियों ने उनकी पत्नी की प्रसव में मदद की। जिससे चलती ट्रेन में ही महिला ने स्वस्थ पुत्र को जन्म दिया। इसके बाद उन्हीं महिला यात्रियों ने रेलवे अधिकारियों को सूचना दी। सूचना मिलते ही डोंगरगढ़ स्टेशन पर जीआरपी और आरपीएफ की टीम पूरी तैयारी के साथ रेलवे स्टेशन पहुंची और जच्चा-बच्चा को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर उपचार शुरू कराया। पति जितेंद्र नट ने सभी का धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि समय पर मिली मदद से आज उनकी पत्नी और पुत्र दोनों पूरी तरह स्वस्थ हैं।

## भक्त रस्सी से खींचेंगे भगवान का रथ, उत्साह का वातावरण

# प्रभु जगन्नाथ का रथ तैयार, कल होगा शहर भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा पर्व को लेकर शहर में धार्मिक उत्साह का माहौल बनने लगा है। भगवान का भव्य रथ सजाया जा रहा है और मंदिर परिसर में तैयारियां तेज हो गई है।

आगामी 16 जुलाई को भगवान जगन्नाथ अपने बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ रथ पर विराजमान होकर नगर भ्रमण करेंगे तथा भक्तों को दर्शन देंगे। शहर के गांधी चौक स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर के सामने इन दिनों रथ का निर्माण करने कारीगर जुटे हुए हैं। रथ को अंतिम रुप दिया जा रहा है। मान्यताओं के अनुसार देव स्नान पूर्णिमा के बाद परंपरा के अनुसार भगवान जगन्नाथ अस्वस्थ माने जाते हैं। इस दौरान मंदिर के पट बंद हैं और भगवान की सेवा जड़ी-बूटियों एवं आयुर्वेदिक औषधियों से जारी है। मान्यता है कि विश्राम और उपचार के बाद भगवान पूर्णतः स्वस्थ होकर भक्तों को दर्शन देते हैं।

### खास बातें

- श्रद्धा भक्ति का माहौल
- रथ में विराजेंगे भगवान जगन्नाथ
- भगवान जगन्नाथ भाई वलभद्र, बहन सुभद्रा के साथ करेंगे भ्रमण



### शहर में निकलेगी रथयात्रा

इधर जय जगन्नाथ समित प्रभात नगर के सदस्यों के अनुसार 15 जुलाई को नेत्र मिलन उत्सव, मंगल आरती, प्रसादी वितरण का आयोजन होगा। इस दिन भगवान के पट खुलेंगे और श्रद्धालु लंबे अंतराल के बाद प्रभु के दिव्य दर्शन कर सकेंगे। इसके अगले दिन 16 जुलाई को भव्य रथयात्रा निकाली जाएगी। रथयात्रा को लेकर मंदिर परिसर की सजावट, रथ निर्माण एवं रंग-रोगन का कार्य अंतिम चरण में है। श्रद्धालुओं में भी इस पावन अवसर को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

### श्रद्धालुओं में खासा उत्साह

रथयात्रा के दिन शाम को मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसादी वितरण का आयोजन किया जाएगा। बड़ी संख्या में भक्त प्रसाद ग्रहण कर भगवान जगन्नाथ का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। मंदिर समिति ने सभी श्रद्धालुओं से रथयात्रा एवं महाप्रसादी कार्यक्रम में शामिल होकर धर्मलाभ लेने की अपील की है। भगवान जगन्नाथ की नगर यात्रा को लेकर पूरे शहर में भक्तिमय वातावरण बन गया है।

गायत्री प्रा. आई.टी.आई
ITI RAJNANDGAON
Affiliated By: N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत / भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्रा - छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25% की छूट
छत्तीसगढ़ राज्य की बालिकाओं एवं महिलाओं को COPA ट्रेड में निशुल्क प्रशिक्षण
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
गायत्री एजुकेशन कैम्पस
ग्राम –पदुमतरा, जिला – राजनांदगांव
• 81090-28740 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### पौधारोपण अभियान का आगाज




**जेवरतला रोड।** पर्यावरण संरक्षण के लिए उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में वृहद पौधरोपण अभियान की शुरुआत की गई। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ओमदास सार्वा ने कहा कि एक पेड़ माँ के नाम अभियान पर्यावरण संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण पहल है। सरपंच गंगोत्री ठाकुर ने कहा कि सभी से पौधे लगाने का आव्हान किया। प्राचार्य टीएल देवांगन ने हरियाली बढ़ाने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने प्रेरित किया। व्याख्याता अजय पाठक ने कहा कि पौधे लगाने के साथ उसकी सुरक्षा भी करें। इस अवसर पर पेमिन साहू, सुषमा कौशिक, छबि निर्मलकर, भुनेश्वरी निषाद, लिलेश्वरी देवांगन, चंद्रा देबनाथ, रेशमी साहू, हेपशीबा एंथोनी, पवन सिन्हा, हर्षा देवांगन, भागवत साहू, वेद प्रकाश साहू, महेश रावटे, रवि देवांगन आदि उपस्थित थे।

### जिला स्तरीय योगासन स्पर्धा 26 को

**अंबागढ़ चौकी।** नगर के टाउन हॉल में पतंजलि योग समिति, भारत स्वाभिमान न्यास, युवा भारत, किसान समिति, महिला समिति तथा योगासन स्पोर्ट्स की बैठक रखी गई। बैठक में जिला प्रभारी अशोक वर्मा, डा रंजन साहू, सोमदत्त साहू आदि शामिल हुए। बैठक में योग के प्रचार पर विस्तार से चर्चा की गई। इसी क्रम में योगासन स्पोर्ट के सदस्यों ने तृतीय जिला स्तरीय योगासन स्पोर्ट्स प्रतियोगिता का आयोजन आगामी 26 जुलाई को अंबागढ़ चौकी में करने का निर्णय लिया। यह प्रतियोगिता महिला एवं पुरुष वर्गों में होगी। बैठक में संपतलाल छेदैया, अशोक साहू, रामेंद्र तिवारी, घनाराम साव, बल्दूराम यादव, सुधीर शुक्ला, दिलीप कुम्भकार, मयूर अग्रवाल, गौरव कोर्राम, चंदा साहू, ऐश्वर्या राज, लक्ष्मी कोर्राम, शैल तिवारी, अलका वर्मा ,कृष्णा वर्मा, कीर्ति प्रभा आदि उपस्थित थे।

### नपं कर्मियों को बांटा गया रेनकोट



**अंबागढ चौकी।** नगर पंचायत के प्लेसमेंट कर्मियो एवं स्वच्छता दीदियों को बारिश से बचाने के लिए रेनकोट दिया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने रेनकोट प्रदान करते हुए कहा कि यह आपकी सुविधा के लिए दिया जा रहा है ताकि बारिश से बचे और अपना काम बिना बाधा के कर सकें। कर्मियों ने रेनकोट प्रदान करने के लिए नगर पंचायत का आभार ज्ञापित किया है।

### शिशु भारती में पूजा बनी सेनापति

**टेड़ेसरा।** स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर में गत दिनों शिशु भारती का गठन किया गया। कार्यकारिणी में सेनापति पूजा वर्मा, उप सेनापति रूपेंद्र साहू, अनुशासन प्रमुख जय कोसरे उप प्रमुख जान्हवी साहू, प्रार्थना प्रमुख शिवम शर्मा, नव्या विश्वकर्मा, सांस्कृतिक प्रमुख लावन्या साहू, टेमेन्द्र साहू, क्रीड़ा प्रमुख केवल साहू, मोहित यदु, स्वच्छता प्रमुख मोहिल वर्मा, प्रीति देशमुख, खोया पाया प्रमुख डिपेश देशमुख, साहीत बिसाई, बागवानी प्रमुख रितिक साहू, विक्रमादित्य यादव, तृषा यादव, प्रिया सिन्हा, सायकल स्टैंड प्रमुख चंदन गोंड़, आयुष सिंह, जिगर रात्रे, चिकित्सा प्रमुख हेमंक कोचे, आस्था दुबे, बैठक व्यवस्था प्रमुख हिमांशु, दिलीप, जीत, भारत, हर्षिता, भूमिका, माही साहू हैं। अंत में प्रधानाचार्य डीआर यादव ने सभी प्रमुखों को उनके दायित्व की जानकारी दी।

### बाईपास सड़क निर्माण की मांग

**डोंगरगढ़।** जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के सचिव विष्णु लोधी ने नगर में बढ़ रही दुर्घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए बाईपास सड़क निर्माण की मांग की है। उन्होंने कहा कि शहर में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु और पर्यटक पहुंचते हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग के नगर के बीच से गुजरने के कारण भारी वाहनों का दबाव बढ़ गया है, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। बाईपास बनने से भारी वाहनों का आवागमन बाहर से होगा और दुर्घटनाओं में कमी आएगी। उन्होंने डोंगरगढ़- गोंदिया मार्ग को अंतरराज्यीय मार्ग के रूप में विकसित करने की मांग की है ताकि आवागमन सुगम हो सके।

### प्रदेश अध्यक्ष का मनाया जन्मदिन



**डोंगरगढ़।** ब्लाक शहर कांग्रेस कमेटी ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के जन्मदिवस के अवसर पर मां बम्लेश्वरी मंदिर में पूजा-अर्चना कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में फल वितरण किया। इस दौरान शहर कांग्रेस अध्यक्ष हरीश भंडारी, संध्या देशपांडे, धीरज मेश्राम, अनिल मेश्राम, शिशुपाल भारती, बबलु शांडिल्य, ललिता साखरे, निधि गजभिए, किरण मेश्राम, प्रमोद टेम्भुर्णीकर, रिम्मी भाटिया, एडविन हैदर, रामजी तराने, शिव निषाद, संजय यादव, प्रमोद ठाकुर, नरेश करसे, सूरज साहू, रमेश साखरे, संजय फुले, मयूर हथेल, जगतारण यादव, रवि राय, वसीम खान, रोशन यादव, महेश बोरकर, पप्पु इंदुरकर, केशव टांडी, प्रशांत काड़े, राहुल यादव, दिव्यांश ठाकुर, गणेश यादव, अजय मानिकपुरी, सागर साहु, टीकाराम, कुणाल यादव, रोहन नेताम, सुरेन्द्र अम्बादे सहित अन्य उपस्थित थे।

### सामुदायिक भवन निर्माण की मांग



**डोंगरगढ़।** भाजपा ग्रामीण मंडल के अध्यक्ष अनिल सिन्हा ने कृषि मंत्री रामविचार नेताम से राजनांदगांव में सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर श्री सिन्हा ने उन्हे क्षेत्र की समस्याओं एवं विकास कार्यों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत शिवपुरी, घोटिया, तोतलभरी, भैंसरा, कलकसा, लोरझरी एवं बलदेव टोला में आदिवासी समुदायिक भवन की आवश्यकता है। श्री सिन्हा ने सभी ग्राम पंचायतों में आदिवासी सामुदायिक भवन स्वीकृत करने का आग्रह किया। मंत्री नेताम ने मांग को ध्यान से सुना और स्वीकृति दिलाने के लिए प्रयास करने का आश्वासन दिया।

### राज्य स्तरीय चर्चा सत्र 22 को

**डोंगरगढ़।** बुद्धिष्ट इंटरनेशनल नेटवर्क भिक्खूनी संघ ने आगामी 22 जुलाई को नागसेन बौद्ध विहार में राज्य स्तरीय चर्चा सत्र का आयोजन किया है। कार्यक्रम भिक्खुनी सुनीति, अमित नरवाडे, मानिक वानखेड़े, मुन्नालाल नंदेश्वर, वामन मेश्राम शामिल होंगे। चर्चा सत्र में बुद्धिष्ट पुरातत्व विरासत तथा सरकार के बेजा रवैये, बौद्धों की समस्याओं सहित अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी।

## बीजाभांठा स्कूल में मची अफरा तफरी, गंभीर पांच का हास्पिटल में इलाज

# मधुमक्खियों ने किया हमला स्कूल के 72 विद्यार्थी घायल

## सूचना मिलते ही जनप्रतिनिधि और स्वास्थ्य अमला हुआ एक्टिव

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

उच्चतर माध्यमिक शाला बीजाभांठा में मंगलवार को मधुमक्खियों के अचानक हमले से अफरा-तफरी मच गई। इस हमले में 72 विद्यार्थी जख्मी हो गए हैं।

जानकारी के अनुसार प्रेयर के बाद कक्षा दसवीं और ग्यारहवीं के बच्चों ने क्लास में पहुंचकर खिड़की खोला तो मधुमक्खियों का झुंड क्लास में घुसा और विद्यार्थियों पर हमला कर दिया। मधुमक्खियों के काटने से 72 छात्र छात्राएं घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की टीम ने स्कूल पहुंचकर 40 विद्यार्थियों का मौके पर ही इलाज किया। गंभीर रूप से प्रभावित 32 विद्यार्थियों को स्थानीय अस्पताल लाकर उपचार किया गया। दोपहर तक भुनेश्वर साहू, लोकेश, विमला कंवर, मोनिका,नम्रता नमिता भर्ती थे।

### रक्षक बनी शिक्षिका

जानकारी के अनुसार घटना की जानकारी मिलत ही अपनी परवाह नहीं करते हुए शाला में पदस्थ शिक्षिका कनक मंडावी बच्चों के बीच पहुंचकर बचाने जुट गई। इस प्रयास के दौरान वह भी मधुमक्खियों के हमले की शिकार हो गई थी।







### सभी बच्चे सुरक्षित

बीएमओ डां रागिनी चन्द्रे ने बताया कि घटना के बाद मेडीकल टीम उपचार के लिए जुट गई थी। सामान्य रूप से प्रभावितों का स्कूल में ही उपचार किया गया। गंभीर रूप से प्रभावितों को भर्ती कर इलाज किया गया फिलहाल सभी सामान्य हैं। इस दौरान दीना पटेल, गुलशन हिरवानी, प्रफुल्ल जैन, लक्ष्मीनारायण सेन, कमलनारायण साहु, मनीष पटेल, नंदलाल कुंभकार, रुपु कुंभकार, पूर्व जनपद अध्यक्ष चन्द्रकला यादव, भागवत साहु, सरपंच बसंतीबाई कुलदीप, एसडीएम अनिकेत साहू, तहसीलदार कमलकिशोर साहू, बीईओ जयंत साहू, समग्र शिक्षा के सतीश ब्यौहारे, प्राचार्य शोभा श्रीवास्तव, नायब तहसीलदार सतपाल यादव आदि मौजूद थे।

### जनप्रतिनिधि और अफसर पहुंचे

घटना की सूचना मिलते ही जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी तुरंत एक्टिव हुए। उन्होंने हॉस्पिटल में जाकर स्थिति का जायजा लिया और मेडिकल टीम को बच्चों का गंभीरता से उपचार करने निर्देशित किया। उन्होंने स्कूल पहुंचकर घटना की जानकारी ली और परिजनों तथा स्टाफ से मुलाकात की। श्री गांधी ने स्कूल परिसर के पास मधुमक्खी के छत्ते को हटाने के निर्देश दिए ताकि भविष्य में ऐसी घटना दोबारा न हो। पता चला है कि बीईओ ने सभी स्कूलों को पत्र लिखकर मधुमक्खियों होने की जानकारी मांगा है।

## आवास सर्वे नहीं होने पर भड़की कांग्रेस

- 15 अगस्त तक किया जाना है सर्वे
- अब तक सर्वे दल का गठन नहीं

**डोंगरगढ़।** आवासहीन व्यक्ति को जमीन का पट्टा देने के लिए सर्वे करने नगर पालिका की गंभीर लापरवाही सामने आई है। जुलाई का आधा माह बीतने को है किन्तु अब तक सर्वे दल का गठन नहीं हुआ है।

इस प्रशासनिक उदासीनता पर आपत्ति जताते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री विजयराज चौहान ने सोमवार को एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने अगले 7 दिनों के भीतर सर्वे शुरू नहीं होने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी है। उन्होंने सौंपे गए पत्र में बताया कि पालिका क्षेत्र में राजस्व और नगरीय निकाय के कर्मचारियों का सर्वे दल गठित किया जाना था। यह दल आवासहीनों का 15 अगस्त तक सर्वे करता जिसकी रिपोर्ट शासन को भेजा जाना था। उन्होंने बताया कि जिले के अन्य निकायों में सर्वे चल रहा है, किन्तु नगर पालिका ने अब तक टीम का गठन नहीं किया है।

### संकट में सैकड़ों गरीब

कांग्रेस महामंत्री विजयराज चौहान ने कहा कि अधिकारियों की लापरवाही के कारण सैकड़ों गरीब आवासहीन नागरिक सरकार की इस महत्वपूर्ण योजना के लाभ से वंचित हो सकते हैं। ज्ञापन में पालिका क्षेत्र के लिए तत्काल सर्वे दल का गठन करने की मांग की गई ताकि गठित टीम बिना देर किए घर-घर जाकर निर्धारित प्रारूप में सर्वे कर सके। शासन द्वारा तय अंतिम तिथि 15 अगस्त तक इस कार्य को पूरा कराया जाए। ज्ञापन में सर्वे शुरू नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। इस दौरान पार्षद के विनायक राव, राहुल यादव, चंद्रशेखर बोरकर, दिनेश साखरे, प्रियंका पूर्ति, शेख इजराइल खान सहित अन्य उपस्थित थे।

## पाइप लाइन बनी नागरिकों के लिए मुसीबत

### सफाई नहीं होने और कीचड़ से बढ़ी दुर्घटना की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

जल आवर्धन योजना के तहत शहर में बिछाई जा रही पाईप लाईन नगरवासियों के लिए मुसीबत बन गई है। पाईप डालने के लिए खोदे गए गढढे को कार्य पूर्ण होने के बाद मिटटी भरकर छोड़ दिया जा रहा है जिससे सड़क पर कीचड हो रही और आए दिन दुर्घटनाएं भी हो रही हैं।

उल्लेखनीय है कि नगर पंचायत के विभिन्न वार्डों में जल आवर्धन योजना अंतर्गत पाईप लाईन बिछाया जा रहा है। ठेकेदार के माध्यम से कराए जा रहे इस कार्य को लेकर गंभीर शिकायतें सामने आ रही हैं। नागरिको एवं पार्षदों की शिकायत है कि पाईप लाईन के लिए जो गढढा खोदा जा रहा है उसे पाईप डालने के बाद अच्छे से कांक्रीटकरण नहीं किया जा रहा है। आरोप है कि ठेकेदार के कर्मचारी पाईप डालने के बाद गढढे को मिटटी भर कर छोड़ दे रहे हैं। शिकायत करने पर कहते हैं कि मिटटी बैठने के बाद सफाई और कांक्रीट कार्य किया जाएगा, लेकिन महिनों बाद भी कांक्रीट नहीं किया जा रहा है जिससे सडकों में कीचड़ होने से दुपहिया वाले दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं।



### छह महीने बाद भी सफाई नहीं

सबसे पहले वार्ड 6 एवं 7 में पाईप लाईन विस्तार किया गया। कान्हे के सिरोतन देवांगन, देवचंद पटेल, कौशल देवांगन ने बताया कि कार्य हुए 6 महिने से अधिक गया है लेकिन खोदे गए गढडों की सफाई एवं कांक्रीट कार्य नहीं हुआ है। इसी तरह अन्य वार्डों से भी इसी तरह की शिकायतें सामने आ रही हैं।

### पार्षदों ने जताई नाराजगी

पाईप लाईन विस्तार में बरती जा रही लापरवाही एवं नागरिकों को हो रही असुविधाओं को लेकर पार्षदो ने नाराजगी जाहिर की है। पार्षद उमा निषाद, विनोद डेहरिया, गोपीचंदा देवांगन, उषा यादव, किशुन पटेल ने नगर अध्यक्ष से गढढो की सफाई कराने का आग्रह किया है। इस संबंध में लगातार शिकायतें मिलने के बाद नगर अध्यक्ष ने ठेकेदार को कांक्रीट औ सफाई करने का निर्देष दिया है। उन्होंने यह कार्य पूर्ण होने के बाद नए स्थान पर पाईप लाईन विस्तार कार्य आगे बढाने कहा है।

## शिक्षक जाएंगे हड़ताल पर बीईओ को सौंपा ज्ञापन



**छुरिया।** समग्र शिक्षक फेडरेशन ने बीईओ को ज्ञापन सौंपकर अनिश्चितकाली आंदोलन पर जाने की चेतावनी दी है। इस आंदोलन में ब्लाक के करीब 700 शिक्षक शिक्षिकाओं के शामिल होने से सभी शालाओं में तालाबंदी की नौबत आने की संभावना है। फेडरेशन ने सौंपे गए ज्ञापन में वेतन विसंगति दूर कर क्रमोन्नति वेतनमान का लाभ, पदोन्नति में वरिष्ठता का पालन, सेवा सुरक्षा एवं विभागीय परीक्षा, सेवा अवधि की गणना नियुक्ति तिथि करने, एकल शिक्षकीय शालाओं में व्यवस्था, विद्या समीक्षा केंद्र की तकनीकी खामियां और नेटवर्क की समस्या दुरुस्त करने, युक्तिकरण के तहत वित्तीय प्रभार, लंबित महंगाई भत्ता के एरियर्स का भुगतान करने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने के दौरान कीरत गणवीर, राकेश खोब्रागढे, उमाशंकर साहू , अश्वनी साहू, राममनोहर देवांगन, नूनकरण साहू, सतीश लहरे, रत्ना दीपा कोसरिया, रेखा भारती, सुमन देशमुख, हेमलता साहू आदि मौजूद थे।

## बच्चों का मुंह मीठा कर मनाया शाला प्रवेशोत्सव




हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बुंदेली में उत्साह के बीच प्रवेशोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर नवप्रवेशी विद्यार्थियों का गुलाल वंदन, मुँह मीठा कराकर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि सरपंच दिवाकर सोनी थे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। व्याख्याता डॉ. सियाराम साहू ने शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी दी। सरपंच दिवाकर सोनी ने कहा कि विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार की कमी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने व्यक्तिगत तथा पंचायत की ओर से हर संभव सहयोग देने का भरोसा दिलाया। इस दौरान निःशुल्क पुस्तकों का वितरण किया गया।

इस अवसर पर भानु पाल, गौतम जंघेल, नेपाल ठाकुर, सियाराम साहू, चंद्रेश जंघेल, प्रियंका श्रीवास्तव, रमेश मंडावी, रितेश वर्मा, वर्षा साहू, तनुजा नागदेवे आदि मौजूद थे।

## एसडीएम से विकास कार्यों पर चर्चा



**डोंगरगढ़।** एसडीएम विश्वास से पार्षद हरीश मोटघरे, डिकेश राव, देवेंद्र साखरे, अनीश निर्मलकर, शिवांगी साखरे तथा महिला मोर्चा अध्यक्ष लक्ष्मी यादव ने भेंट कर नगर हित के विषयों पर चर्चा की। इस अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना के लंबित प्रकरणों के निराकरण, यातायात व्यवस्था बेहतर बनाने तथा भारी वाहनों के आवागमन से उत्पन्न समस्याओं का समाधान पर चर्चा किया गया।

CSPTCL
छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड
(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम) कार्या. कार्यपालन यंत्री अ.उ.दा. (निर्माण) संभाग बिजली नगर भिलाई-3, जिला- दुर्ग (छ.ग.), पिनकोड - 490021 वेबसाईट:- www.cspc.co.in, ईमेल:- EEEHTConst.Bhilai@cspc.co.in, टेलीफोन नं.:- 0788.2281954 CIN- U40108CT2003SGC015820 GSTIN-22AADCC5773E1ZX
क्र. काव्यं./अ.उ.दा./ निर्माण / 534 भिलाई, दिनांक 14/07/2026
-:: सार्वजनिक सूचना ::-
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेसर्स जे.डी. स्टील इंडस्ट्रीज प्रा.लिमि. रसमड़ा, जिला-दुर्ग को 4000 के.व्ही.ए. विद्युत की आपूर्ति हेतु 132/33 के.व्ही. उपकेन्द्र रसमड़ा से उक्त संस्थान के स्वीचयार्ड तक 132 के.व्ही. डी.सी.एस.एस. लाईन का निर्माण कार्य मेसर्स जे.डी. स्टील इंडस्ट्रीज प्रा.लिमि. रसमड़ा, जिला-दुर्ग द्वारा छ.स्टे.पा.ट्रां.कं.लिमि. (CSPTCL) के सुपरविजन में किया गया है, जिसकी कुल लम्बाई 1.625 किलोमीटर है। यह विद्युत लाईन जिला-दुर्ग, तहसील-दुर्ग के अंतर्गत ग्राम-रसमड़ा एवं जिला राजनांदगांव, तहसील राजनांदगांव के अंतर्गत ग्राम-जोरातराई, मनघटा से होकर गुजर रही है। उपरोक्त उल्लेखित लाईन में नियमित रूप से विद्युत प्रवाह दिनांक 15.07.2026 या उसके पश्चात कभी भी चालू किया जा सकता है। अतः आम जनता से अनुरोध है, कि इस विद्युत लाईन के पास न जावें तथा विद्युत लाईन से किसी तरह की छेड़छाड़ न करें। ऐसा करना जानलेवा साबित हो सकता है। विद्युत लाईन से छेड़छाड़ एवं विद्युत लाईन को नुकसान पहुंचाना भारतीय विद्युत अधिनियम 2003 के अंतर्गत दण्डनीय अपराध है।
कार्यपालन अभियंता
अति उच्च दाब (निर्माण) संभाग
छ.स्टेट पा. ट्रांस. कं. लिमिटेड भिलाई
"स्वहित एवं राष्ट्रहित में विद्युत की बचत कीजिए"

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग • अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व),एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मेटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
माँ और शिशु का विश्वास
उपलब्ध सुविधाएँ
गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
TPA की सुविधा
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

BHASKAR EYE CARE
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### संत असंग देव से मिले पूर्व विधायक

**डोंगरगढ़।** प्रवास पर धर्मनगरी पहुंचे संत असंग देव से पूर्व विधायक



विनोद खांडेकर ने विश्राम गृह में सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने गुरुदेव का अभिनंदन किया। भेंट के दौरान धार्मिक, सामाजिक एवं जनकल्याण से जुड़े विषयों पर चर्चा हुई। पूर्व विधायक खांडेकर ने उनके मार्गदर्शन को समाज के लिए प्रेरणादायी बताया है। संत असंग देव धार्मिक आयोजन के सिलसिले में नगर पहुंचे हैं।

### निःशुल्क कोचिंग सराहनीय कार्यः नीलम सांखला

**छुईखदान।** अंचल की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए नगर में निःशुल्क कोचिंग कक्षा संचालित किया जा रहा है। इस निःशुल्क कोचिंग में



एनआईसीसी के शिक्षक सेवा दे रहे है। यह निःशुल्क कोचिंग 2023 से संचालित है। यहां सुबह 6 से 8 बजे तक वह बच्चे पढ़ाई करते हैं जो आर्थिक तंगी के कारण कोचिंग सेंटरों में अध्ययन नहीं कर पाते। गत दिनों इस कोचिंग में सेवानिवृत्त जज नीलम सांखला पहुंचे और उन्होंने बच्चों से बातें की। बच्चों की रुचि-अभिरुचि से परिचित हुए। सवाल-जवाब भी किया। बच्चों के सटीक उत्तर से अभिभूत होकर श्री सांखला ने पुरस्कृत किया। डॉ सियाराम साहू ने श्री सांखला का बच्चों से परिचय कराते हुए उनका अभिनंदन किया। श्री सांखला ने कहा कि क्षेत्र में ऐसे पुनीत कार्य के लिए वह यथासंभव सहयोग देने के लिए हमेशा तत्पर हैं। इस अवसर पर शिक्षक दोदेश्वर चंदेल, कुंभलाल जंघेल, राजूदास मानिकपुरी, दीनदयाल शोरी आदि उपस्थित थे। यह जानकारी संजीव धुर्वे ने दी।

### विनीत सिंह ने बने प्रभारी सीएमओ

**गंडई पंडरिया।** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के निर्देशानुसार नगर पंचायत गंडई में प्रशासनिक फेरबदल के बाद 14 जुलाई को विनीत सिंह ने प्रभारी मुख्य नगरपालिका अधिकारी के रूप में पदभार ग्रहण किया। इससे पूर्व नगर पंचायत गंडई के तत्कालीन मुख्य नगरपालिका अधिकारी अविनाश देवांगन को निलंबित कर दिया गया था। क्षेत्रीय कार्यालय संयुक्त संचालक, नगरीय प्रशासन एवं विकास, दुर्ग ने आदेश जारी कर नगर पंचायत परपोड़ी के नगरपालिका अधिकारी विनीत सिंह को आगामी आदेश तक नगर पंचायत गंडई के समस्त कार्यों के निष्पादन हेतु अतिरिक्त प्रभार सौंपा है।

### मुख्यमंत्री हेल्पलाइन बनी मददगार

**छुईखदान।** देवपुरा के किसान बंशी राम साहू के लिए मुख्यमंत्री हेल्पलाइन



आशा की किरण साबित हुई। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में पंजीयन नहीं होने के कारण वह लाभ से वंचित थे। इस समस्या के समाधान के लिए उन्होंने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज कराई।शिकायत प्राप्त होने के बाद कृषि विभाग ने तत्परता दिखाते हुए प्रकरण की जांच कराई। मैदानी अधिकारियों ने किसान से संपर्क कर आवश्यक दस्तावेज प्राप्त किए तथा शासन के दिशा-निर्देशों के अनुसार उनकी पात्रता का परीक्षण किया। जांच में किसान पात्र पाए गए, जिसके बाद उनके आवेदन की प्रक्रिया आगे बढ़ाई गई। सत्यापन प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात बंशी राम साहू का प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में नवीन पंजीयन सफलतापूर्वक किया गया तथा ई-केवाईसी की प्रक्रिया भी पूर्ण कराई गई। इसके साथ ही मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में दर्ज शिकायत का संतोषजनक निराकरण कर दिया गया। श्री बंशी राम साहू ने समस्या के त्वरित समाधान पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री हेल्पलाइन एवं कृषि विभाग का आभार जताया। उन्होंने कहा कि समय पर मार्गदर्शन और सहयोग मिलने से उनकी लंबे समय से लंबित समस्या का समाधान हुआ और अब वे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

### शिक्षा में समस्त समस्याओं का हल है : मेयर

**राजनांदगांव।** शा.उ.मा.शाला हरदी में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में महापौर मधुसूदन यादव शामिल हुए।




महापौर श्री यादव ने कहा शाला की उपलब्धियों पर प्रसन्नता व्यक्त करते शैक्षणिक, सांस्कृतिक व क्रीड़ा के स्तर को ऊंचा रखने का सुझाव देते कहा कि शाला से सिर्फ कर्मचारी और व्यवसायी नहीं वरन अधिकारी बनने और बनाने के लक्ष्य को लेकर अध्यापन हो। उन्होंने कहा कि शिक्षा में ही समस्त समस्याओं का हल है। उन्होंने शिक्षकों से आव्हान किया कि कोई भी छात्र शिक्षा से वंचित न हो, क्योंकि शिक्षा से वंचित होने या करने का सीधा अर्थ है, समाज को एक कमजोर व्यक्तित्व सुपुर्द करना, जो मजदूर अथवा असामाजिक तत्व का रूप भी हो सकता है। इस दौरान शिव वर्मा, आलोक श्रोती, सावन वर्मा, चन्द्रकृत साहू, सुनील साहू, मनोहर यादव ने भी अपने-अपने विचार रखे।

### चक्रधर कत्थक कल्याण केंद्र ने अर्पित की श्रद्धासुमन

**राजनांदगांव।** चक्रधर कत्थक कल्याण केन्द्र राजनांदगांव के सभागृह में



पद्म विभूषण डॉ. तीजनबाई को श्रद्धासुमन अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर संस्था के संचालक डॉ. कृष्ण कुमार सिन्हा ने कहा कि डॉ. तीजनबाई का निधन लोककला के क्षेत्र में अपूरणीय क्षति है। जिसकी भरपाई होना संभव नहीं है। इस अवसर पर किसान नेता अशोक चौधरी, अमलेन्दु हाजरा, राकेश इंदु भूषण ठाकुर, डॉ. मृदुला चौरसिया, डॉ. आनंद वर्गीस ने भी अपने-अपने विचार रखकर तीजनबाई को श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस अवसर पर शैलेन्द्र तिवारी, बीपी वासनिक, राजनारायण जांगड़े व चक्रधर कत्थक कल्याण केन्द्र के छात्र-छात्राओं ने भी तीजनबाई को श्रद्धासुमन अर्पित किया। उक्त जानकारी तुषार सिन्हा द्वारा दी गई ।

## निधन



### गणेशराम यादव

**राजनांदगांव।** शहर के जमातपारा निवासी गणेशराम यादव का 11 जुलाई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय लखोली मुक्तिधाम में किया गया।

### नगर पालिका में राजनेताओं की लालसा और अनियमितता से स्थिति बदतर

# ढाई साल में 4 सीएमओ, इंजीनियर लेखापाल सहित आरआई निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

नगर पालिका परिषद में राजनेताओं की लालसा और अनियमितता के चलते बीते ढाई साल में आधा दर्जन से ज्यादा अधिकारी कर्मचारियों पर निलंबन की गाज गिर चुकी हे। ताजा मामले में भी ऐसा ही कुछ नजर आ रहा है।

सामान खरीदी, निर्माण, मूलभूत सुविधाओं मे विस्तार ऐसा कोई मामला नही है जिसमें नपा की थू थू नहीं हुई, लेकिन कतिपय जिम्मेदारों ने इस स्थिति से उबरने की जगह पुराना रवैया ही अपना रखा है।

मनमाफिक काम नही करने वाले अधिकारी कर्मचारी पर पहले दबाव बनाओं ना माने तो बड़े नेता पास पेशी कराओ और उसके बाद भी यदि वो उनके कहे अनुसार नही चला तो किसी ना किसी ऐसे प्रकरण में उसे प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से शामिल कर दो कि निलंबित हो जाए तब तक ऐसे कर्मचारी को सकी जगह बिठाने तैयार कर लो जो बाते माने और कहे अनुसार काम करे।




#### अलग-अलग मामलों में निलंबित

जानकारी अनुसार बीते ढाई सालों में अलग-अलग कारणों से पांच सीएमओ, एक उपअभियंता, लेखापाल और एआरआई निलंबित हो चुके है। जिम खरीदी सामान मामले मे सीएमओ कुलदीप झा, डोंगरगढ़ नपा खरीदी मामले में सीएमओ प्रमोद शुक्ला, कवर्धा मे दवा खरीदी, वितरण भुगतान प्रकरण में सीएमओ रहे नरेश वर्मा, दुकान नीलामी मामले मे सीएमओ कोमल ठाकुर और एआरआई राजेश तिवारी के बाद सीसी रोड और नाली निर्माण प्रकरण में तत्कालीन सीएमओ अविनाश देवांगन, उप अभियंता मुजफ्फर हुसैन और लेखापाल नीरज सिंह को नगरीय प्रशासन विभाग ने दो दिन पहले ही निलंबित कर दिया है।

#### नहीं सुधर पा रही नपा

नपा की दुर्दशा को लेकर जानकारी मिली है कि सरकारी राशि के बंदरबांट में यहां काबिज जिम्मेदार इस कदर लालायित है कि साफ सफाई का सामान झाड़ू,फिनाईल, एसिड तक सप्लाई कर रहे है। स्टेशनरी को लेकर भी बीते साल काफी हो हल्ला मचा था जब पार्षद पति पर फर्जी फर्म तैयार कर सप्लाई का आरोप लगा था। पानी साफ करने वाली फिटकरी, हाथ ठेला, ई रिक्शा यहा तक की निविदा प्रकाशन में भी नपा के अधिकारी कर्मचारी बिना पूछे कुछ नही कर पा रहे है। पंद्रहवें वित्त से मिले एक करोड़ 31 लाख में सामान खरीदी को लेकर अभी भी बवाल मचा हुआ है। इन सबके बावजूद नपा के जिम्मेदारों के कानो पर जूं नही रेंग रही है। पता चला है कि उनकी इन करतूतों को लेकर कई दफे बड़े नेताओं से फटकार मिल चुकी है, लेकिन ढाक के तीन पांत की तर्ज पर नपा चल रही है और जिम्मेदारों की करनी का फल अधिकारी कर्मचारी को भुगतना पड़ रहा है। नाम ना छापने की शर्त पर कर्मचारियों का कहना है कि बीते ढाई सालों की स्थिति को देखते हुए उन्हें अन्यत्र हटा देना चाहिए। कहे हिसाब काम करो तो ठीक नही तो कब बलि का बकरा बन जाएंगे इसका पता नही है और नपा में संगठित भ्रष्टाचार का खामियाजा गले पड़े उससे पहले उन्हें हटा देना चाहिए।

### विधानसभा भ्रमण के लिए साहित्यकारों की बस रवाना



**राजनांदगांव।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के आमंत्रण पर संस्कारधानी के कवि, साहित्यकार व समाजसेवी महिलाएं विधानसभा भ्रमण के लिए एसी बस में राजधानी रायपुर के लिए रवाना हुई। उक्त बस को भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान राजा माखीजा, आत्माराम कोशा, पप्पू बलिहारी, राजेश गुप्ता अग्रहरि, शरद सिन्हा, रवि सिन्हा, नमिताभ जैन, भागचंद जैन, तरुण लहरवानी आदि शामिल थे। बस में सवार कस्तूरबा महिला मंडल की संरक्षिका शारदा तिवारी समेत साधना तिवारी, सुषमा सिंह, पूर्णिमा साहू, टीना खंडेलवाल, शोभा चोपड़ा, आशा गुप्ता, विद्या पांडे, सुषमा शुक्ला, अंजनी कोशा, मीना कलिहारी, अर्चना दास, ज्योति माखीजा, प्रभा ठाकुर, रजनी अग्रवाल, सरिता शर्मा, मिथिलेश्वरी वैष्णव, पुष्पा गायकवाड़, मीना यादव आदि महिलाओं को नेताओं व जनप्रतिनिधियों ने शुभकामनाएं दी। उक्त जानकारी राजा माखीजा द्वारा दी गई।

## फाइव स्टार रेटिंग पाने वालों का हुआ सम्मान

**खैरागढ़।** कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल की अध्यक्षता में जिला निवेश प्रोत्साहन समिति की चौथी बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में किया गया। बैठक प्रारंभ होने से पूर्व सीएचएमओ डॉ. आशीष शर्मा ने बताया कि भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा जिले के तीन प्रतिष्ठानों को स्वच्छता एवं खाद्य सुरक्षा मानकों के उत्कृष्ट पालन के लिए फाइव स्टार हाइजीन रेटिंग मिली है।



कलेक्टर ने संबंधित प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधियों को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। समिति सदस्य सचिव व महाप्रबंधक जिला व्यापार उद्योग केंद्र प्रणय बघेल ने विभिन्न एजेंडा बिंदुओं पर जानकारी प्रस्तुत करते हुए कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी के संबंध में बताया कि भारत ऐसा पहला देश है जिसने कंपनियों के लिए सीएसआर को नियमबद्ध किया है। राज्य स्तर पर राज्य निवेश प्रोत्साहन बोर्ड इसकी नोडल एजेंसी है, जबकि जिला स्तरीय समिति जिले में संचालित सीएसआर गतिविधियों की समीक्षा कर प्रतिवेदन राज्य स्तर पर भेजेगी। इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा सीएसआर मद से प्रस्तावित कार्यों पर चर्चा की गई। महाप्रबंधक ने जिले में औद्योगिक प्रयोजन को लेकर चिन्हांकित भूमि की जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम महरूमकला में एक औद्योगिक इकाई की स्थापना के लिए राज्य स्तर पर आवश्यक कारवाई जारी है।

#### बैठक में विस्तार से हुई चर्चा

बैठक में प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन को लेकर भी विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में उपस्थित उद्यमियों के साथ जिले में पर्यटन विकास, बकरकट्टा क्षेत्र में अस्पताल निर्माण, नर्सिंग कॉलेज की स्थापना, ऑटो ट्रैक्टर सर्विस सेंटर, कृषि उपकरण निर्माण इकाइयों, पराली से ब्रिकेट निर्माण उद्योग, कोदो प्रसंस्करण इकाइयों सहित विभिन्न निवेश संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। उद्योग प्रतिनिधियों द्वारा राइस मिल संचालन, बॉयलर वेल्डर जैसे तकनीकी कार्यों के लिए प्रशिक्षित मानव संसाधन की आवश्यकता बताने पर कलेक्टर ने कौशल विकास विभाग के माध्यम से संबंधित प्रशिक्षण पाठ्यक्रम प्रारंभ करने की संभावनाओं पर कार्य करने कहा। बैठक में आरिफ मेमन ने बायो-सीएनजी गैस निर्माण इकाई स्थापित करने के लिए लगभग तीन एकड़ भूमि की आवश्यकता बताने पर उन्हें उपयुक्त भूमि चिन्हांकित कर प्रस्ताव प्रस्तुत करने कहा गया। बैठक के अंत में कलेक्टर ने उद्योग विभाग को जिले में मिनी मॉल की स्थापना, बुनकर समितियों के उत्पादों के मूल्य संवर्धन व विपणन के लिए विशेष प्रयास करने कहा।

## चढ़ावे में अनियमितता, कांग्रेस का प्रदर्शन

- केंद्र सरकार से जवाब मांगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

प्रदेश कांग्रेस के आह्वान पर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा अयोध्या स्थित श्रीराम मंदिर के चढ़ावे में कथित वित्तीय अनियमितता के विरोध में जिला मुख्यालय में प्रदर्शन किया गया। मां दंतेश्वरी मंदिर में पूजा-अर्चना बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दंतेश्वरी मंदिर से अंबेडकर चौक, राजीव चौक, मस्जिद चौक एवं अस्पताल चौक होते हुए रैली निकाली और केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।



रैली के समापन सभा में महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव मयूरी सिंह ने आरोप लगाया कि श्रीराम मंदिर के चढ़ावे व वित्तीय प्रबंधन से जुड़े मामले ने करोड़ों श्रद्धालुओं की भावनाओं को आहत किया है। उन्होंने कहा कि यदि किसी प्रकार की अनियमितता हुई है तो उसकी निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कानून के अनुसार कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। जिला कांग्रेस अध्यक्ष कोमल दास साहू ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार इस मुद्दे पर जवाब देने से बच रही है। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी को इस विषय पर देश की जनता के सामने स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए और पूरे मामले की स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी जांच करानी चाहिए ताकि सच्चाई सामने आ सके।

इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष संदीप सिरमौर, ब्लॉक कांग्रेस छुईखदान अध्यक्ष रामकुमार पटेल, ब्लॉक कांग्रेस गंडई अध्यक्ष शत्रुहनचंदेल, ब्लॉक कांग्रेस मुढ़ीपार अध्यक्ष तेजराम वर्मा, रिंकू गुप्ता, विप्लव साहू, जितेंद्र सिंह गौर, गजेंद्र ठाकरे, दीपक देवांगन, शेखरदास वैष्णव, यतेन्द्रजीत सिंह, किशन रजक, रविंद्र सिंह, पूरन सारथी, पलाश सिंह, अमित सिंह, महेश यादव, सज्जाक खान, संतोष वर्मा, शत्रुहन धृतलहरे, विनोद सिन्हा, राधे पटेल, भूपेंद्र वर्मा, पिंटू गुप्ता, सत्यवान वर्मा, अजय देवांगन, राहुल बंजारे, डोमार सिंह लोधी, हीरालाल वर्मा, देवेंद्र तोड़े, अवध वर्मा, कोमल वर्मा, कृष्णा यादव, मुकेश बंजारे, जगेशर साहू, हीरावन वर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

#### मंदिर मे चढ़ावा जनता की आस्था

शहर कांग्रेस अध्यक्ष अरुण भारद्वाज ने कहा कि धार्मिक आस्था से जुड़े मामलों में पारदर्शिता सर्वोच्च होनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि जो संगठन स्वयं को हिंदू समाज का प्रतिनिधि बताते हैं, उन्हें भी इस मुद्दे पर स्पष्ट रुख अपनाते हुए श्रद्धालुओं के हित में निष्पक्ष जांच की मांग करनी चाहिए। विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन ने कहा कि श्रद्धालुओं का चढ़ावा जनता की आस्था का प्रतीक है और उसके प्रबंधन में किसी भी प्रकार की कथित अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जा सकती। उन्होंने पूरे मामले की न्यायिक जांच तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की।

### जपं के साधारण सभा की बैठक 17 को

**राजनांदगांव।** जनपद पंचायत राजनांदगांव के साधारण सभा की बैठक 17 जुलाई को दोपहर 12 बजे जनपद पंचायत राजनांदगांव के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में विभागीय कार्यों की समीक्षा की जाएगी।

बैठक में सदस्यों को उपस्थित होने का अनुरोध किया गया है। संबंधित अधिकारियों को आवश्यक जानकारी सहित बैठक में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

### शिक्षा आयोग अध्यक्ष का स्वागत, जेडी को सौंपा ज्ञापन

**डोंगरगांव।** टीचर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने गत दिनों शिक्षा संभाग दुर्ग में नव पदस्थ संयुक्त संचालक केवी राव से मुलाकात किया। उन्होंने छत्तीसगढ़ शिक्षा आयोग के अध्यक्ष सुधीर गौतम से भेंट कर स्वागत किया। आयोग अध्यक्ष ने शिक्षा में सुधार हेतु शिक्षकों के साथ व्यापक विचार विमर्श कर आगमी कार्य योजना की जानकारी दी। संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेन्द्र यदु के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने प्राथमिक,पूर्व माध्यमिक शाला के



प्रधान पाठक एवं सहायक शिक्षक से शिक्षक के पद पर पदोन्नति, एलबी संवर्ग के शिक्षक कर्मचारियों की उच्च परीक्षा में बैठने की अनुमति के लंबित प्रकरणों का निराकरण, सेवा पुस्तिका, जीपीएफ पासबुक का सत्यापन, दावा आपत्ति के निराकरण बाद वरिष्ठ सूची में सुधार, सेवानिवृत्ति एलबी संवर्ग शिक्षकों के पेंशन प्रकरणों को निराकृत करने, लंबित वेतन भुगतान जारी करने की मांग करते हुए ज्ञापन संयुक्त संचालक को सौंपा। उन्होंने मांगो पर शीघ्र कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधि मंडल में शत्रुघ्न साहू, गोपी वर्मा, हरि, जयंत यादव, किशन देशमुख, चन्द्रहास साहू, श्री सुधाकर, संजय, केपी साहू, मनोज वर्मा, हंसकुमार मेश्राम शामिल थे।

### एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण

# गांवों के विकास से ही जिले का समग्र विकास संभव : विक्रांत सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

पर्यावरण संरक्षण और जनजागरूकता के उद्देश्य से छुईखदान जनपद में एक पेड़ मां के नाम अभियान तहत वृक्षारोपण किया गया। जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह के मुख्य आतिथ्य, जिपं सभापति ललित चोपड़ा की अध्यक्षता और सांसद प्रतिनिधि प्रेमनारायण चंद्राकर, जनपद अध्यक्ष पुष्पा प्रकाश वर्मा के विशिष्ट आतिथ्य मे आयोजित कार्यक्रम में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

मुख्य अतिथि जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि एक पेड़ माँ के नाम अभियान एक अत्यंत सराहनीय पहल है, जो न केवल हरियाली बढ़ाने में सहायक है, बल्कि भावनात्मक रूप से भी लोगों को प्रकृति से जोड़ता है।



उन्होंने कहा कि जनपद पंचायत विकास की आधारशिला है, और इसके अंतर्गत आने वाले गांवों का विकास ही नए जिले के समग्र विकास का मार्ग प्रशस्त करेगा। उन्होंने कहा कि जनपद पंचायत वह प्रमुख संस्था है, जहां से केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का प्रभावी क्रियांवयन होता है इसलिए कार्यालय का बाहरी व आंतरिक वातावरण सकारात्मक और अनुशासित होना चाहिए। उन्होंने जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के बीच बेहतर समन्वय पर जोर देते हुए कहा कि दोनों की जिम्मेदारी है कि आपसी सामंजस्य बनाए रखें और कार्यों को पारदर्शिता व समयबद्धता साथ पूरा करें।

#### मिलजुलकर करें काम लिखे विकास गाथा

विक्रांत सिंह ने कार्यक्रम मे मौजूद सभी कर्मचारियों और जनप्रतिनिधियों को कहा कि कार्य के प्रति संवेदनशीलता, सकारात्मक सोच और अनुशासन बहुत जरूरी है। उन्होंने सभी को बेहतर वातावरण में मिलकर काम रकने और पारिवारिक भावना के साथ दायित्व निभाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम अध्यक्ष ललित चोपड़ा ने कहा कि वृक्षारोपण जैसे आयोजन आज के समय में अत्यंत आवश्यक हैं। पर्यावरण की रक्षा करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है और ऐसे प्रयासों से समाज में जागरूकता बढ़ती है। जनपद सीईओ केश्वरी देवांगन ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान जनपद पंचायत उपाध्यक्ष राजू जंघेल, अग्राहित नेताम, राजिम मुकेश जंघेल, सुमरित जंघेल, उत्तम जंघेल, मंगल नेताम, ज्योति जंघेल, गजेंद्र पटेल, रेखचंद जंघेल, पारस ठाकरे, मनोज चतुर्वेदी, ओमलाल साहू, राजकुमार जंघेल, दिवाकर सोनी, ललित सोनी, लेखराम साहू सहित बड़ी संख्या में अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## कटंगी मिडिल स्कूल का अतिरिक्त कक्ष लोकार्पित



**गंडई पंडरिया।** ग्राम पंचायत कटंगी स्थित माध्यमिक शाला में नवनिर्मित अतिरिक्त कक्ष का विधिवत लोकार्पण किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने फीता काटकर और नारियल फोड़कर नवीन कक्ष को छात्र-छात्राओं को समर्पित किया।

विद्यालय में अतिरिक्त कक्ष की मांग लंबे समय से की जा रही थी, जिसे पूरा करते हुए 15 लाख 80 हजार की राशि पूर्व में स्वीकृत हुई थी। इस राशि से तैयार अतिरिक्त कक्ष के बन जाने से अब विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए पर्याप्त स्थान मिल सकेगा। समारोह में जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने उपस्थित ग्रामीणों और स्कूली बच्चों को संबोधित किया। उन्होंने भाजपा की रीति-नीति पर विस्तार से प्रकाश डाला और केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा आम जनता के कल्याण के लिए चलाई जा रही विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य सरकार की प्राथमिकता है और क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत हैं।

इस दौरान मंडल अध्यक्ष राकेश ठाकुर, अनिल अग्रवाल, राजेश मेहता, राकेश जायसवाल, भानु प्रताप साहू, लीला राम साहू, लेख राम साहू, दादू नागदौन, विक्की कुर्रे, राकेश टंडन, पियरिया जितेंद्र पटेल, मिला राम, राधू पटेल, सुद्ध रजक और धर्मेंद्र पटेल सहित छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## सार समाचार

### स्थापना दिवस पर निःशुल्क कोचिंग प्रारंभ

**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अपने 70वें स्थापना दिवस पर 13 जुलाई को महाविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क कोचिंग महाविद्यालय के रोजगार मार्गदर्शन प्रकोष्ठ, आईक्यूएसी एवं महाविद्यालय प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप प्रारंभ की गई। इस निःशुल्क कक्षा में विभिन्न प्रकार के प्रतियोगी परीक्षाओं छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग, एसएससी, रेलवे, बैंकिंग, छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मंडल व्यापम, नेट, सेट इत्यादि परीक्षाओं की तैयारी कराई जाएगी।



प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता ने बताया कि इसका उदेश्य प्रतिभावान विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन प्रदान करना हैं, ताकि वे प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल हो सके। ये कक्षाएं महाविद्यालय के विषय विशेषज्ञ प्राध्यापकों द्वारा ली जाएगी। कक्षाएं दोपहर 3 से 5 बजे तक संचालित होगी। जिसमें समय सारिणी अनुसार विभिन्न विषयों की कक्षाएं आयोजित की जाएगी। साथ ही विद्यार्थियों से समय-समय पर आगामी परीक्षा के पैटर्न के अनुसार मॉक टेस्ट का भी आयोजन किया जाएगा।

### पुनर्मूल्यांकन में बढ़े अंक, 97.66 फीसदी परिणाम



**राजनांदगांव।** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित दसवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा में शामिल हुई सलोनी हाईस्कूल की छात्रा का पुनर्मूल्यांकन के बाद 9 अंक बढ़ गए। जिसके चलते उसका परिणाम अब 97.66 प्रतिशत पर पहुंच गया है। बड़ी बात यह है कि इस बार माशिमं द्वारा जारी मेरिट सूची के अनुसार छात्रा के अंकों में बदलाव के बाद वह मेरिट सूची में आ रही है। मिली जानकारी के अनुसार सलोनी हाईस्कूल के दसवीं कक्षा की छात्रा ईशा वर्मा को पहले 600 अंक में से 577 अंक मिले थे, लेकिन पुनर्मूल्यांकन के बाद उसके हिंदी विषय में 9 अंक बढ़ गए। जिसके बाद कुल प्राप्तांक 577 से बढ़कर 586 पर जा पहुंचा। जिसके चलते उसका अंतिम परिणाम 97.66 प्रतिशत पर पहुंच गया।

### 35 बालिकाओं का हुआ निःशुल्क टीकाकरण

**राजनांदगांव।** अग्रवाल सभा, अग्रवाल महिला मंडल एवं अग्रवाल नवयुवक मंडल राजनांदगांव द्वारा स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से रविवार को अग्रसेन भवन में 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं के लिए निःशुल्क एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 35 बालिकाओं का टीकाकरण किया गया।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं को समाज के सहयोग से जन-जन तक पहुंचाना आवश्यक है। अग्रवाल सभा के सचिव अशोक लोहिया ने सचिवीय प्रतिवेदन प्रस्तुत करते समाज की विभिन्न गतिविधियों एवं सेवा प्रकल्पों की जानकारी दी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि संतोष अग्रवाल एवं नंदकुमार अग्रवाल सहित समाज के अनेक पदाधिकारी, सदस्य, अभिभावक एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### सोशल मीडिया में लिखना पड़ा भारी, चार को नोटिस जारी

**राजनांदगांव।** डोंगरगढ़ शहर के चार भाजपा कार्यकर्ताओं को सोशल मीडिया में अपनी भड़ास निकालना भारी पड़ गया। इन चार भाजपा कार्यकर्ताओं को पार्टी ने छवि धूमिल करने का हवाला देते नोटिस जारी कर दिया है। तय समय पर संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर एक्शन भी लिया जा सकता है। मिली जानकारी के अनुसार डोंगरगढ़ शहर भाजपा के कार्यकर्ता प्रिंस कक्कड़, विरेंद्र साहू, संतोष राव और परविंदर सिंग मोंटी को कारण बताओ नोटिस जारी की गई है। पार्टी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इनमें एक कार्यकर्ता ने डोंगरगढ़ में होने वाली भाजपा की बैठक में आमंत्रित नहीं किए जाने को लेकर अपनी भड़ास निकाली थी।

### वृक्षारोपण व प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

**राजनांदगांव।** नई सोच सामाजिक संस्था द्वारा 12 जुलाई को ग्राम गिधवा में वृक्षारोपण एवं प्रतिभा सम्मान समारोह कोरकोट्टी मानपुर में 12 जुलाई 2009 को शहीद हुए तत्कालीन पुलिस अधीक्षक विनोद चौबे सहित 29 जवानों की याद में किया गया।



समारोह की मुख्य अतिथि समाजसेविका व भिलाई जिला भाजपा मंत्री श्रीमती भारती साहू व अध्यक्षता सेवानिवृत्त प्रधान पाठक बालाराम साहू ने की। विशेष अतिथि के रूप में चंद्रकुमार साहू, केंवरा साहू, प्रेमनारायण साहू, हेमलता नेताम, लालाराम साहू शामिल रहे।

मुख्य अतिथि भारती साहू ने पर्यावरण संतुलन बिगड़ने, साल दर साल वर्षा में हो रही कमी तथा धरती के तापमान में हो रही वृद्धि, भू-जल स्तर में गिरावट जैसी समस्याओं पर चिंता व्यक्त करते कहा कि इन सभी समस्याओं का सिर्फ एक ही समाधान है वृक्षारोपण। उन्होंने जनसमूह से ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण कर मां के नाम एक पेड़ अभियान में अपना योगदान देने की अपील की गई।

अध्यक्षता करते बालाराम साहू ने शहीद जवानों को श्रृद्धांजलि अर्पित करते कहा कि वीर जवानों की वजह से हम तथा हमारी सीमाएं सुरक्षित है और इस दिवस पर पर्यावरण संरक्षण हेतु वृक्षारोपण एवं प्रतिभा सम्मान समारोह किया जाना प्रशंसनीय है। विशेष अतिथि चंद्रकुमार साहू ने वृक्षारोपण की आवश्यकता पर बल दिया। साथ ही 10वीं एवं 12वीं प्रथम स्थान प्राप्त करने वालें छात्रों के लिए अगले वर्ष से 5-5 हजार रुपए पुरस्कार राशि देने की घोषणा की। संस्था के सलाहकार प्रेमनारायण साहू ने वृक्षारोपण के महत्व पर प्रकाश डाला। संस्था के संस्थापक चंद्रभूषण साहू ने संस्था के गठन एवं उद्देश्य से अवगत कराया गया।

कार्यक्रम की अगली कड़ी में कक्षा 8वीं, 10वीं व 12वीं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं क्रमशः माधवी साहू, लक्ष्य कुमार साहू, समीर वर्मा एवं शिखा साहू को प्रोत्साहन राशि एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इसी क्रम में वृक्षमित्रों अजय साहू एवं राजेन्द्र साहू को वृक्षों की देखभाल एवं सुरक्षा किए जाने हेतु शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। अंत में 50 पौधे रोपित किए गए तथा 100 पौधे वितरित किए गए। आयोजन को सफल बनाने में लीलाधर साहू, पेमुराम साहू, थानसिंग साहू, नीलू साहू, केतन, रमेश साहू, दिनेश साहू, तुषार, गौतम आदि का विशेष सहयोग रहा।

### स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के दिए निर्देश

# कलेक्टर ने चिकित्सा महाविद्यालय का किया आकस्मिक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव का आकस्मिक निरीक्षण कर विभिन्न विभागों एवं वार्डों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने रेडियोलॉजी विभाग का निरीक्षण कर प्रतिदिन होने वाले सीटी स्कैन एवं सोनोग्राफी की संख्या तथा विभाग में आने वाली समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने जिला खनिज न्यास (डीएमएफ) मद से दो सीटी स्कैन टेक्नीशियन की भर्ती हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. पीएम लूका, अधीक्षक डॉ. अतुल देशकर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवतरन तथा डॉ. पवन जेठानी सहित अन्य चिकित्सा, अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।



#### मरीजों से ली जानकारी

कलेक्टर ने कैजुअल्टी वार्ड का निरीक्षण किया तथा वहां भर्ती मरीजों एवं उनके परिजनों से चर्चा कर मेडिकल कॉलेज में मिल रही चिकित्सा एवं अन्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने मरीजों को त्वरित उपचार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कैजुअल्टी वार्ड में दो मेडिकल ऑफिसरों की नियुक्ति करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने नियोनेटल वार्ड का भी निरीक्षण किया। उन्होंने चिलर प्लांट में आवश्यक सुधार करने तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का विस्तार करने के निर्देश दिए। उन्होंने इसके अलावा ऑपरेशन थिएटर एवं इमरजेंसी वार्ड का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

## कृषि मंडी को बायपास रोड से जोड़ने की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



कृषि उपज मंडी में हुए किसान सम्मेलन के कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह द्वारा कृषि उपज मंडी को बायपास रोड से जोड़ने की घोषणा का जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने स्वागत करते कहा कि इससे जहां एक ओर ट्रैफिक का दबाव कम होगा। वहीं यातायात तथा व्यापार सुगम होगा। उन्होंने कहा कि बालोद, लोहारा, दल्लीराजहरा, देवरी तरफ से आने वाली गाड़ियों को बायपास से सीधे मंडी में प्रवेश मिल सकेगा। जिससे वह शहर की ओर नहीं आएंगे। इससे सैकडों गाड़ियों का शहर में परिवहन नहीं होने से शहर का ट्रैफिक दबाव भी कम होगा और सब्जी तथा फल फ्रूट व्यापारियों को भी व्यापार मिलेगा।

# बैंकों की चेकिंग, पुलिस ने दिए सुरक्षा संबंधी निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस ने जिलेभर के बैंकों की चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान सीसीटीवी एवं अन्य तकनीकी उपकरणों की जांच की गई एवं सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम के निर्देश दिए गए।

पुलिस द्वारा आज जिले के सभी बैंकों में क्रमवार सुरक्षा एवं निगरानी चेकिंग अभियान संचालित किया गया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने विभिन्न बैंक शाखाओं का निरीक्षण कर सुरक्षा मानकों की विस्तृत समीक्षा की तथा बैंक प्रबंधन एवं स्टाफ को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।



#### सुरक्षा संबंधी दिशा-निर्देश

अभियान के दौरान पुलिस अधिकारियों द्वारा एटीएम उपयोग से संबंधित सुरक्षा उपायों की जानकारी दी गई। जिसमें एटीएम पिन को गोपनीय रखना, लेन-देन के दौरान सतर्कता बरतना, संदिग्ध व्यक्तियों या गतिविधियों की तुरंत सूचना देना, ग्राहकों को सुरक्षित बैंकिंग व्यवहार के प्रति जागरूक करने बैंक स्टाफ को निर्देशित किया गया कि वे ग्राहकों को एटीएम उपयोग के दौरान सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूक करें।

#### सुरक्षा प्रोटोकाल का कड़ाई से करें पालन

बैंकों की जांच के दौरान बैंकों को निर्धारित सुरक्षा प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए।सीसीटीवी कैमरे, अलार्म सिस्टम, सुरक्षा गार्डों की तैनाती एवं अन्य सुरक्षा व्यवस्थाओं की विस्तृत जांच की गई। बैंक अधिकारियों को किसी भी संदिग्ध गतिविधि, लेनदेन या व्यक्ति की सूचना तत्काल पुलिस को देने हेतु जागरूक किया गया। बैंक कर्मचारियों को बताया गया कि पुलिस के साथ समन्वय से अपराधों की रोकथाम एवं त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सकती है।

### एसपी ने किया थाना डोंगरगढ़ का आकस्मिक निरीक्षण

# फरार आरोपियों की गिरफ्तारी यातायात सुरक्षा पर दिया निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने आकस्मिक रूप से डोंगरगढ़ थाना का निरीक्षण किया। इस दौरान लंबित अपराधों के शीघ्र निराकरण, फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा द्वारा 12 जुलाई को थाना डोंगरगढ़ का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना परिसर, मालखाना, हवालात, सीसीटीएनएस कक्ष, शस्त्रागार, अपराध एवं शिकायत रजिस्टर, मर्ग, गुम इंसान, समन-वारंट तथा थाना के अन्य महत्वपूर्ण अभिलेखों का सूक्ष्म निरीक्षण किया।

0 सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु समीक्षा

इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने लंबित अपराधों एवं शिकायतों के शीघ्र निराकरण, गंभीर प्रकरणों की गुणवत्तापूर्ण विवेचना, फरार आरोपियों की गिरफ्तारी, समन-वारंट की समयबद्ध तामीली तथा महिला एवं बाल अपराधों में संवेदनशील एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के संबंध में विशेष समीक्षा करते दुर्घटना संभावित (ब्लैक स्पॉट) क्षेत्रों में नियमित चेकिंग, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का पालन सुनिश्चित कराने, शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई, तेज गति एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने वालों पर सख्त कार्रवाई तथा आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए। दुर्घटना होने की स्थिति में घायलों को तत्काल चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने एवं गोल्डन आवर का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने पर भी विशेष बल दिया गया।



#### आमजन से सौहार्द्रपूर्ण व्यवहार बनाए

पुलिस अधीक्षक ने थाना परिसर की साफ-सफाई, अभिलेखों के सुव्यवस्थित संधारण, शासकीय संपत्तियों के रख-रखाव, पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों में अनुशासन बनाए रखने, जनसुनवाई को प्राथमिकता देने तथा आमजन के प्रति संवेदनशील एवं सौहार्द्रपूर्ण व्यवहार बनाए रखने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीओपी केशरीनंदन नायक, थाना प्रभारी निरीक्षक भूषण चंद्राकर सहित थाना डोंगरगढ़ के समस्त अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में राजनांदगांव ओवरआल चैंपियन

**राजनांदगांव।** अक्षांश स्वीमिंग पूल राजनांदगांव के तैराकी खिलाड़ियों ने महापौर मधुसूदन यादव से सौजन्य भेंट कर अपनी उपलब्धि से अवगत कराया।

प्रतिनिधि मंडल में तैराक राहुल सोनी, संजय जैन, धनराज सिंह ठाकुर, छबिलाल यादव ने महापौर को बताया कि विगत दिनों भिलाई क्लब में राज्य स्तरीय खेलो इंडिया मास्टर स्वीमिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें अक्षांश स्वीमिंग पूल राजनांदगांव से 15 खिलाड़ियों ने हिस्सा लेकर बेहतर प्रदर्शन करते पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता में राजनांदगांव जिला औवरऑल चैम्पियन रहा, जो जिले के लिए गौरव का विषय है।



तैराकी खिलाड़ियों में संजय जैन, द्वारका यादव, धनराज सिंह ठाकुर, राहुल सोनी, अशोक वर्मा, छवि यदु, उमेश काकिरवार, रवि सिन्हा, यशवंत सिन्हा, मधु साहू, अनुकृति श्रीवास्तव, प्रिया मांडवी ने प्रतियोगिता में भाग लेकर राजनांदगांव जिले का प्रतिनिधित्व किया। जिसमें संजय जैन ने 100 मीटर फ्री स्टाईल तैराकी में द्वितीय, द्वारका यादव 100 मीटर फ्री स्टाईल तैराकी में प्रथम, धनराज सिंह ठाकुर ने 100 मीटर फ्रीस्टाइल में प्रथम, राहुल सोनी ने 100 मीटर फ्रीस्टाइल में प्रथम, अशोक वर्मा 50 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक तैराकी में प्रथम, बटरफ्लाई में प्रथम, बैकस्ट्रोक तैराकी में प्रथम, छवि यदु ने 50 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक, 50 मीटर बैक स्ट्रोक तथा 50 मीटर फ्रीस्टाइल तैराकी, तीनों विधाओं में प्रथम स्थान प्राप्त किया। रवि सिन्हा ने 50 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक में द्वितीय तथा 50 मीटर बटरफ्लाई में तृतीय स्थान प्राप्त किया। उमेश काकिरवार ने 100 मीटर फ्रीस्टाइल में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। मधु साहू ने 50 मीटर फ्रीस्टाइल में प्रथम, अनुकृति श्रीवास्तव ने ब्रेस्ट स्ट्रोक में द्वितीय एवं 100 मीटर फ्रीस्टाइल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में राजनांदगॉव जिला अपने खिलाड़ियों के दमदार प्रदर्शन के दम पर ओवरऑल चैम्पियन बनने में सफल रहा। सभी खिलाड़ियों ने अपनी जीत का श्रेय अक्षांश स्वीमिंग पूल राजनांदगांव के संचालक खिलेश्वर चंद्राकर तथा स्वीमिंग कोच यशवंत कुमार सिन्हा को दिया। महापौर मधुसूदन यादव ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते इनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### मालिकाना हक की जमीन का सीमांकन करवाने की मांग

**राजनांदगांव।** शहर कांग्रेस के पूर्व महामंत्री एवं पूर्व पार्षद हेमंत ओस्तवाल ने कलेक्टर से नई कृषि उपज मंडी की मालिकाना हक की जमीन का सीमांकन करने की मांग की।



पूर्व पार्षद श्री ओस्तवाल ने जारी विज्ञप्ति में कहा कि मंडी को बायपास से जोड़ने की डॉ. रमन सिंह ने जो घोषणा की है, उसका वे शहर की जनता की ओर से स्वागत करते है। श्री ओस्तवाल ने कलेक्टर से मांग करते कहा कि नई कृषि उपज मंडी की लगभग 56 एकड़ जमीन जो मंडी के नाम से शासकीय रिकार्ड में दर्ज है और मंडी से लगी राजगामी सम्पदा शासन आदि एवं निजी जमीन जो लगी हुई है, इसलिए मंडी को बायपास से जोड़ने से पूर्व मंडी के मालिकाना हक की जमीन का सीमांकन और चौहदी की नापजोक करवाया जाए और संपूर्ण क्षेत्र में बाउंड्रीवाल करवाकर पूरी जमीन को सुरक्षित करवाया जाए।

# बाइक में महाराष्ट्र की शराब ले जाते आरोपी पकड़ा गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बाइक में अवैध रूप से बड़ी मात्रा में शराब परिवहन किए जाने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। आरोपी से 40 पौवा महाराष्ट्र निर्मित शराब एवं बाइक जब्त किया गया है।



पुलिस सूत्रों के अनुसार गैंदाटोला थाना क्षेत्र अंतर्गत 13 जुलाई को पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति फैशन प्रो बाइक में अवैध रूप से शराब रखकर ग्राम फाफामार से गैंदाटोला की तरफ जा रहा है। सूचना पर पुलिस ने ग्राम फाफामार-गैंदाटोला के बीच रास्ते पर नाकाबंदी कर रेड कार्रवाई कर उक्त बाइक चालक को रोककर पूछताछ किया। जिसमें पकड़े जाने के बाद आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट की कार्रवाई करते गिरफ्तार किया गया, जिसे ज्युडिशियल रिमांड प्राप्त कर जेल भेजा गया है।

#### बैग में रखी थी शराब

पुलिस के अनुसार आरोपी ने अपना नाम अशोक रामटेके 65 साल पता ग्राम भंडारीभरदा बताया। जिसके पास रखे काला रंग के बैग को चेक करने पर 40 पौवा देशी दारू प्रीमियम डीलक्स सुपर संत्रा महाराष्ट्र निर्मित मिला। पुलिस ने धारा- 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पाए जाने से आरोपी के कब्जे से 40 नग पौवा देशी दारू प्रीमियम डीलक्स सुपर संत्रा महाराष्ट्र निर्मित कीमती 3200 रुपए एवं एक नग काला रंग का फैशन-प्रो बाइक को मौके पर जब्त कर कार्रवाई की है।

### सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षा के लिए विशेष टीकाकरण

# बालिकाओं को लगाया एचपीवी टीका

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

स्वास्थ्य विभाग द्वारा सर्वाइकल (गर्भाशय ग्रीवा) कैंसर जैसी गंभीर और जानलेवा बीमारी से बेटियों को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से जिले में 13 से 18 जुलाई तक एचपीवी (ह्यूमन पैंपिलोमा वायरस) विशेष टीकाकरण सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले की 14 वर्ष आयु की सभी पात्र बालिकाओं को निःशुल्क एचपीव्ही टीका लगाया जा रहा है।




इसके अंतर्गत जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, स्वास्थ्य एवं कल्याण केन्द्रों सहित चिन्हित विद्यालयों एवं निर्धारित टीकाकरण सत्र स्थलों पर एचपीवी टीकाकरण के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। जिले में अब तक तक 5176 किशोरी बालिकाओं को चिकित्सकों की निगरानी में एचपीपी टीका लगाया गया है। जिसका अभी तक कोई भी प्रतिकूल प्रभाव नहीं हुआ है।

उन्होंने बेटियों के स्वास्थ्य और सुरक्षित भविष्य के लिए अभिभावकों से अपनी 14 वर्ष की प्रत्येक पात्र बेटी को एचपीवी विशेष टीकाकरण अभियान के तहत निःशुल्क एचपीवी टीका लगवाने की अपील की है। जनप्रतिनिधियों, शिक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, मितानिन, स्वंयसेवी संगठनों और सामाजिक संस्थाओं से अधिक से अधिक बालिकाओं का टीकाकरण सुनिश्चित कराने सहयोग का आग्रह किया गया है।

#### टीकाकरण से भविष्य में खतरा कम

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने बताया कि एचपीवी संक्रमण सर्वाइकल कैंसर का प्रमुख कारण माना जाता है। एचपीवी टीका सर्वाइकल कैंसर बीमारी से बचाव का सुरक्षित, प्रभावी एवं वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित माध्यम है। टीकाकरण से भविष्य में सर्वाइकल कैंसर का खतरा काफी हद तक कम किया जा सकता है। एचपीवी विशेष टीकाकरण अभियान को सफल बनाने तथा पात्र बालिकाओं के टीकाकरण के लिए स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा शिक्षा विभाग द्वारा संयुक्त रूप से कार्य किया जा रहा है।



## खबर संक्षेप

### शिक्षिका ने जन्मदिवस पर कराया न्योता भोज



**कवर्धा।** शासकीय प्राथमिक शाला चिमरा में नए शिक्षण सत्र 2026-27 के शुभारंभ 15 नव-प्रवेशी छात्राओं व आंगनबाड़ी के बच्चों सहित शाला प्रबंध समिति, आमंत्रित पालकों तथा प्रधान पाठक सहित विद्यालय परिवार ने छात्रों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। विद्यालय के समस्त छात्र छात्राओं को विद्यालय में पदस्थ शिक्षिका श्रीमती ज्योति खरे ने जन्मदिन के अवसर पर न्योता भोज कार्यक्रम आयोजित किया गया। न्योता भोज कार्यक्रम में मिठाई, पौष्टिक भोजन, फल, खीर परोस कर अपना जन्मदिन स्कूल परिवार के बीच मनाया। इस कार्यक्रम का संचालन श्रीमती ज्योति खरे ने किया।

### पौधे लगाकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**पंडरिया।** विकासखंड पंडरिया के संकुल बिरकोना अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला रहमान कापा में एक शिक्षक के जन्मदिवस को पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में 12 पौधरोपण किया गया तथा विद्यार्थियों को केले वितरित कर खुशियां साझा की गई। विद्यालय में पदस्थ शिक्षक लक्ष्मण बांधेकर द्वारा पिछले कई वर्षों से जन्मदिवस पर पौधरोपण की परंपरा निभाई जा रही है। इस वर्ष भी आम, करंज, गुलमोहर, पपीता, कपास सहित विभिन्न फलदार एवं छायादार प्रजातियों के पौधे लगाए गए। प्रधान पाठक राजेश कुमार पात्रे ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता, प्रकृति प्रेम और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करते हैं। कार्यक्रम में विद्यालय के इको क्लब के सदस्य अमित, आलिया, कामाक्षी, हिमांशु, अमृता, दिव्यांका, त्रिशा, युग, मंजीत, मिथलेश, संगीता, कृष्णा, काजल एवं सिद्धी सहित अन्य विद्यार्थियों ने सहभागिता करते हुए पौधों की नियमित देखभाल का संकल्प लिया। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने विशेष अवसरों को पौधरोपण से जोड़ने का संदेश देते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने का आह्वान किया।

### गांव की सुख-शांति के लिए मनाया गया गांव तिहार



**कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव, मोहतरा कला, कंझेटा, भगतपुर, धनेली, पीपरमाटी सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में आषाढ़ माह के अवसर पर छत्तीसगढ़ की पारंपरिक संस्कृति के अनुसार गांव तिहार श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गांव के गौठान में गौ माता की रक्षा तथा गांव की सुख-शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना के लिए विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। ग्रामीणों ने गांव के देवी-देवताओं का पूजन कर पूरे गांव की मंगलकामना की। ग्रामीणों ने बताया कि यह परंपरा पूर्वजों के समय से चली आ रही है और आज भी उसका पूरी श्रद्धा से पालन किया जाता है। गांव तिहार के दिन गांव में किसी प्रकार का कृषि या अन्य कार्य नहीं किया जाता, बल्कि पूरे दिन इसे त्यौहार के रूप में मनाया जाता है। परंपरा के अनुसार बैगा द्वारा बाहर से लाई गई जड़ी-बूटियों और पारंपरिक औषधियों का उपयोग कर धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराया जाता है। ग्रामीणों का विश्वास है कि इससे गौधन की रक्षा होती है तथा गांव में सुख, शांति और समृद्धि बनी रहती है।

### पंडरिया बीईओ ने लिया संकुल स्तरीय समीक्षा बैठक



**कोलेगांव।** विकासखंड शिक्षा अधिकारी दीपक ठाकुर के द्वारा संकुल स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन संकुल कोलेगांव में किया गया, जिसमें 3 संकुल भगतपुर, कोलेगांव और सेमरकोना के प्राचार्य, संकुल समन्वयक और प्रधान पाठक शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती पूजन और वंदन गायन से शुरू हुआ। समीक्षा बैठक में बीईओ दीपक ठाकुर ने शिक्षा मंत्री छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा दिए निर्देश से शिक्षकों को अवगत करवाया, जिसमें प्राथमिक के विद्यार्थियों को धाराप्रवाह हिंदी पढ़ना और 20 तक का पहाड़ा याद हो, पूर्व माध्यमिक के विद्यार्थियों के लिए धाराप्रवाह अंग्रेजी पढ़ना और 25 तक पहाड़ा कंठस्थ हो। उन्होने शिक्षकों को निर्देशित किया कि निरंतर लिखित अभ्यास करवाए, जिसमें इमला लिखवाकर कर बच्चों को लेखन त्रुटि से अवगत करवाए, सतत मूल्यांकन, शत-प्रतिशत विद्यार्थियों की स्कूल में उपस्थित हो साथ ही ड्रॉप आउट बच्चों को विद्यालय से जोड़ना। प्रार्थना में राष्ट्रगीत, राष्ट्र गान, दीप मंत्र, गुरु मंत्र को स्पीकर के माध्यम से करवाने का निर्देश दिए। कार्यक्रम के उपरांत उन्होने हाई स्कूल परिसर में वृक्षारोपण किया गया, उक्त कार्यक्रम में सेमरकोना संकुल से प्राचार्य संजय वैष्णव, सीएसी राजेंद्र खांडे, रामकुमार साहू, रामफल चंद्राकर, रामकुमार कौशिक, गणेश चंद्रवंशी और संकुल से समस्त प्रधान पाठक उपस्थित थें।

## आजीविका के अन्य कार्यों को देखकर की सराहना

# विकसित भारत योजना के कार्य देखने कवर्धा पहुंची केंद्रीय टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त सचिव (वित्त) पीके शर्मा तथा अवर सचिव राहुल कुमार श्रीवास्तव ने विकसित भारत जी राम जी योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को देखने दो दिवसीय प्रवास पर कबीरधाम जिले में पहुंच कर निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक अग्रवाल ने विकसित भारत जी राम जी योजना के कार्यो की प्रगति एवं अन्य आवश्यक तैयारियों से केन्द्रीय टीम को अवगत कराया।

केंद्रीय टीम द्वारा योजना से जुड़े सभी मैदानी कर्मचारियों की बैठक लेकर योजना के क्रियान्वयन पर वृस्तित चर्चा की गई। गांव की आवश्यकता अनुसार निर्माण कार्यो की पहचान में ग्रामीणों की भूमिका, कार्य स्वीकृति की प्रक्रिया, युक्त धारा पोर्टल में कार्यो की एंट्री, काम की मांग, एनएमएमएस द्वारा ऑनलाइन हाजिरी, समय सीमा में मजदूरी भुगतान की जानकारी, 125 दिनो के रोजगार हेतु ग्रामीणों की मांग पर नए कार्यों की स्वीकृति जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा कर जानकारी ली गई।

इस पर सीईओ जिला पंचायत अभिषेक अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी ग्राम पंचायतो के लिए पर्याप्त कार्य की स्वीकृति करते हुए रोजगार की मांग अनुसार निर्माण कार्य प्रारंभ किया जा रहे हैं। साथ ही बताया गया कि योजना अंतर्गत ग्रामीणों को रोजगार देने के मामले में पूर्व की भांति कबीरधाम जिला प्रदेश में लगातार अग्रणी बना हुआ है। जिस पर केंद्रीय टीम द्वारा प्रसन्नता व्यक्त की।

### विकासात्मक गतिविधियों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी



प्रवास के दौरान केंद्रीय टीम के अधिकारियों ने ग्राम पंचायत रेंगाखारखुर्द में पहुंच कर आंगनबाड़ी भवन का निरीक्षण किया। कार्य की गुणवत्ता, मजदूरी भुगतान, मानव दिवस एवं कार्य से ग्रामीणों को हो रहे लाभ की जानकारी ली गई। ग्राम पंचायत चिखली के तालाब में चल रहे मछली पालन की आजीविका गतिविधियों का अवलोकन कर हितग्राही से हो रहे लाभ की जानकारी ली। ग्राम पंचायत पोड़ी में सामुदायिक बोरवेल रिचार्ज पिट के कार्य का निरीक्षण कर जानकारी ली गई। ग्राम पोंड़ी निवासी हितग्राही रामभजन पिता लतेल के लिए बनाए गए निजी आजीविका डबरी का निरीक्षण किया गया। डबरी की उपयोगिता पर हितग्राही से जानकारी ली गई। हितग्राही द्वारा बताया गया कि डबरी निर्माण से सिंचाई सुविधा का विस्तार हुआ है तथा मत्स्य पालन से आजीविका का नया साधन मिला है। निरीक्षण के दौरान जनपद पंचायत बोड़ला के ग्राम पंचायत राजानवागांव में विकसित भारत जी राम जी के प्रावधानों के संबंध में मजदूरों, समहू की दीदियों से चर्चा कर अधिकारियों ने योजना के उद्देश्य, ग्राम विकास में भूमिका, ग्रामीणों के आजीविका संवर्धन, रोजगार के अवसर, सामुदायिक सहभागिता, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण, जल संवर्धन, कृषि एवं अन्य विकासात्मक गतिविधियों के संबंध में विस्तृत चर्चा कर जानकारी दी।



# स्कूली छात्राओं को मिला आत्मरक्षा का प्रशिक्षण

- 142 विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर प्रशिक्षण प्राप्त किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत पंडरिया ब्लॉक के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महली में एक दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

जिला महिला सशक्तिकरण हब के तत्वाधान में आयोजित इस कार्यक्रम में छात्राओं को विषम परिस्थितियों से निपटने के गुर सिखाए गए। प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञ प्रशिक्षकों ने किशोरी बालिकाओं को आत्मरक्षा के व्यावहारिक एवं प्रभावी तरीकों का प्रदर्शन किया।

छात्राओं को आपातकालीन स्थिति में सतर्क रहने, स्वयं की सुरक्षा करने, सही शारीरिक मुद्रा अपनाने तथा त्वरित बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं में आत्मविश्वास का संचार करना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है।

इस महत्वपूर्ण आयोजन में ग्राम पंचायत के सरपंच, उपसरपंच, विद्यालय के प्राचार्य, समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं और भारी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थें। इस दौरान कुल 142 प्रतिभागियों ने इस प्रशिक्षण सत्र में भाग लिया और आत्मरक्षा की तकनीकों को सीखा। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित अतिथियों और छात्राओं द्वारा विद्यालय परिसर में पौधरोपण किया गया। साथ ही सभी प्रतिभागियों ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान को सफल बनाने और महिला सुरक्षा के प्रति सदैव जागरूक रहने की शपथ ली।

# वनांचल की शिक्षा गुणवत्ता सुधार पर बीईओ का जोर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुई कुकदूर

विकासखंड शिक्षा अधिकारी दीपक ठाकुर ने सोमवार को वनांचल क्षेत्र के विद्यालयों की शिक्षा गुणवत्ता की समीक्षा के लिए दो चरणों में बैठक ली। प्रथम पाली में संकुल केंद्र देवसरा एवं खैरझिटी पुराना की संयुक्त समीक्षा बैठक देवसरा में तथा द्वितीय पाली में संकुल केंद्र पोलमी, भाकूर एवं सेंदूरखार की संयुक्त बैठक पोलमी में संपन्न हुई।

बैठक में श्री ठाकुर ने शिक्षा गुणवत्ता, नियमित पठन-पाठन, इमला, लेखन अभ्यास, पहाड़ा, समय-सारिणी, स्वच्छता एवं शासन की शैक्षणिक योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए समर्पित भाव से कार्य करने का आह्वान किया। संकुल समन्वयक अशोक कुमार पाण्डेय, धर्मेंद्र जायसवाल एवं नारायण कुंभकार ने उनका स्वागत किया। बैठक में प्रधान पाठक राजेन्द्र नेताम, ईश्वर परस्ते, संतराम सोनवानी, रोशन कौशिल, श्रीमती चंद्रिका पुसाम सहित तीनों संकुलों के सभी प्रधान पाठक उपस्थित थें। कार्यक्रम का संचालन राकेश कुमार सोनी ने किया।

अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि दीपक ठाकुर का इस वनांचल क्षेत्र से पुराना जुड़ाव रहा है। यहां शिक्षक के रूप में सेवाएं देने के कारण वे क्षेत्र की परिस्थितियों एवं शैक्षणिक चुनौतियों से भली-भांति परिचित हैं, जिसका लाभ निश्चित रूप से वनांचल के विद्यालयों और विद्यार्थियों को मिलेगा। बैठक के उपरांत विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने हाई स्कूल परिसर, पोलमी में गूलर का पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

### 24 विद्यार्थियों को नई साइकिल वितरित की



**बरबसपुर।** जिला मुख्यालय से लगभग 7 किलोमीटर की दूरी पर शासकीय हाई स्कूल बरबसपुर में निःशुल्क सरस्वती सायकिल योजना अंतर्गत 24 छात्राओं को निःशुल्क सायकिल प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामकुमार भट्ट, विशेष अतिथि पंचराम कोसले, शाला विकास एवं प्रबंधन समिति हाई स्कूल बरबसपुर एवं पालकों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। रामकुमार भट्ट ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को सायकिल मिलने की बधाई देते हुए बताया कि सायकिल वितरण छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह के कार्यकाल के दौरान शुरू हुआ था, जो आज भी बीपीएएल परिवार के विद्यार्थियों को प्रदान किया जाता है। उन्होंने बच्चों से अच्छे पढ़ाई करने के लिए प्रोत्साहित किया साथ ही मोबाइल के प्रभाव व दुष्प्रभाव के संबंध में चर्चा की। शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पंचराम कोसले ने नव प्रवेशित बच्चों को एवं बालिकाओं को बधाई देते हुए छग सरकार का आभार व्यक्त किया। संस्था के प्राचार्य लक्ष्मण मिरी ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त। इस दौरान भारत पटेल, ध्रुव पटेल, महेश पटेल, अर्जुन पटेल, बल्लू सोनवानी, तुलसी पटेल, राकेश पटेल, महेंद्र मिरज, लालचंद उपस्थित थें। वहीं संस्था के व्याख्याता सीमा वर्मा, वर्षा सोनी, कामना श्रीवास्तव, पूनम साहू, योगेश चौरिया, अनुराग जायसवाल, अजय श्रीवास्तव एवं शाला के समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।

# क्षेत्र में बारिश नहीं होने से किसानों की बढ़ी चिंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के कोलेगांव, कुंडा, दामापुर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में पर्याप्त वर्षा नहीं होने से किसानों की चिंता लगातार बढ़ती जा रही है। आषाढ़ का महीना बीत रहा है, लेकिन अब तक अपेक्षित बारिश नहीं होने से खेती-किसानी का कार्य प्रभावित हो रहा है। किसान आसमान की ओर टकटकी लगाए अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे हैं।

क्षेत्र के अधिकांश किसानों ने समय पर खेतों की जुताई कर खाद और बीज डालकर धान की बुवाई पूरी कर ली है। इसके लिए किसानों ने महंगे दामों पर खाद और बीज खरीदे हैं तथा खेती में अच्छी-खासी लागत लगाई है। लेकिन लगातार बारिश नहीं होने से खेतों में नमी कम होती जा रही है।

किसानों को आशंका है कि यदि जल्द अच्छी वर्षा नहीं हुई तो अंकुरित फसल सूख सकती है, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। वहीं धान की रोपाई का कार्य भी प्रभावित हुआ है। जिन किसानों ने नर्सरी तैयार कर ली है, वे पर्याप्त पानी के अभाव में रोपा नहीं लगा पा रहे हैं। कई स्थानों पर रोपाई का काम पूरी तरह रुका हुआ है, जबकि कुछ किसान सीमित पानी के सहारे धीरे-धीरे रोपाई कर रहे हैं। यदि आने वाले दिनों में अच्छी बारिश नहीं हुई तो रोपाई का समय भी प्रभावित हो सकता है।



किसानों की परेशानी केवल बारिश की कमी तक सीमित नहीं है। क्षेत्र में लगातार हो रही बिजली कटौती ने भी उनकी मुश्किलें बढ़ा दी हैं। जिन किसानों के पास ट्यूबवेल या बोरवेल की सुविधा है, वे भी पर्याप्त सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं, क्योंकि लंबे समय तक बिजली उपलब्ध नहीं रहती। इससे खेतों तक समय पर पानी नहीं पहुंच पा रहा है और फसलों को बचाना चुनौती बनता जा रहा है।

लगातार कई दिनों से बारिश नहीं होने के कारण जुताई किए गए खेत सूखने की कगार पर पहुंच गए हैं। खेतों की मिट्टी में दरारें पड़ने लगी हैं और किसान दिन-रात अच्छी बारिश की उम्मीद लगाए बैठे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द मानसून सक्रिय नहीं हुआ तो खरीफ फसल का उत्पादन प्रभावित हो सकता है।

### नियमित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग

किसानों ने प्रशासन और विद्युत विभाग से मांग की है कि कृषि कार्य को देखते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि उपलब्ध जल स्रोतों से सिंचाई की जा सके। साथ ही किसानों को उम्मीद है कि आने वाले दिनों में अच्छी वर्षा होगी और उनकी मेहनत रंग लाएगी।

### विश्व जनसंख्या दिवस पर आरपीएस स्कूल में चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

**कवर्धा।** विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर श्री रामकृष्ण पब्लिक स्कूल कवर्धा में विद्यार्थियों के बीच जनसंख्या वृद्धि, जागरूकता एवं जिम्मेदार नागरिक बनने का संदेश देने के उद्देश्य से श्पॉपुलेशन डेश् थीम पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी कल्पनाशीलता और रचनात्मकता का सुंदर प्रदर्शन किया। बच्चों ने आकर्षक चित्रों के माध्यम से जनसंख्या संतुलन, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता एवं बेहतर भविष्य का संदेश प्रस्तुत किया। विद्यालय परिवार ने सभी प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में भी ऐसी रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। जिसमें कक्षा 1 एवं 2 का परिणाम प्रथम स्थान संचिका कक्षा 1लीं, द्वितीय स्थान जसमन सिंह 1लीं, तृतीय स्थान नित्या धुर्वे, वैभवी 1लीं वहीं कक्षा 3 से 5 का परिणाम प्रथम स्थान गिरीश चौहान कक्षा 4 थीं, द्वितीय स्थान अनंत राज कक्षा 5वीं, तृतीय स्थान नव्या साहू कक्षा 4 थीं ने प्राप्त की। वहीं विद्यालय प्रबंधन ने विजेता विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों में सामाजिक जागरूकता, रचनात्मक सोच एवं जिम्मेदारी की भावना का विकास करती हैं। अंत में सभी प्रतिभागियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए प्रतियोगिता का समापन किया गया।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग • अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व), एसबीआई बैंक के पास, भिलाई (छ.ग.) 95224 66605

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी • एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी • सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा • आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार, • TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

BHASKAR EYE CARE
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
• मूत्र रोग एवं सर्जरी • किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज • प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज • यौन संबंधी समस्याएं • महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**अनदेखी: पंडरिया क्षेत्र के भेड़ागढ़ जंगल में अवैध कटाई व कब्जा**

# हरे-भरे जंगल काटकर तैयार हो रहे खेत, सिर्फ दिखावे की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के वन क्षेत्रों में वनभूमि पर बढ़ते अतिक्रमण को लेकर एक बार फिर सवाल उठने लगे हैं। आरोप है कि शिकायत मिलने पर वन विभाग सीमित कार्रवाई कर औपचारिकता निभा देता है, जबकि जमीनी स्तर पर विकासखंड पंडरिया सहित जिले के कई जंगलों में अतिक्रमण कर वनभूमि को खेती योग्य बनाया जा रहा है।

पर्यावरण प्रेमियों का कहना है कि यदि समय रहते प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई तो जिले के हरे-भरे जंगलों को भारी नुकसान पहुंच सकता है। सूत्रों के अनुसार विकासखंड पंडरिया के ग्राम भेड़ागढ़ के जंगल में पंडरीखार के कुछ लोगों द्वारा भेड़ागढ़ बैगापारा बीट क्रमांक-1468 में बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई कर खेत तैयार किए जाने का आरोप है। बताया जा रहा है कि वनभूमि पर ट्रैक्टर और कृषि उपकरणों की सहायता से भूमि समतल कर खेती की तैयारी की जा रही है।

हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। जानकारी के अनुसार वर्षा ऋतु शुरू होने से पहले हर वर्ष जिले के विभिन्न वन क्षेत्रों में अतिक्रमण की गतिविधियां बढ़ जाती हैं। कथित रूप से वनभूमि पर कब्जा कर वहां लगे बहुमूल्य एवं इमारती प्रजाति के पेड़ों को काट दिया जाता है और बाद में धान, मक्का सहित अन्य फसलों की खेती की जाती है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि वनभूमि पर उगाई गई फसल को बाद में समर्थन मूल्य पर बेचकर अतिक्रमणकारी आर्थिक लाभ भी प्राप्त करते हैं। वहीं जंगलों के संरक्षण और संवर्धन की जिम्मेदारी निभाने वाले विभागों पर भी समय रहते प्रभावी कार्रवाई नहीं करने के आरोप लगाए जा रहे हैं। पर्यावरण प्रेमियों का कहना है कि केवल शिकायत मिलने पर कार्रवाई करने के बजाय नियमित निगरानी और अभियान चलाकर अतिक्रमण रोकने की आवश्यकता है। सूत्रों का यह भी दावा है कि जिले की सीमा से लगे मध्यप्रदेश के कुछ क्षेत्रों के लोग भी वनभूमि पर कथित अतिक्रमण में शामिल हैं।

हालांकि इसकी भी स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है। पर्यावरण प्रेमियों एवं स्थानीय नागरिकों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि जिले के सभी वन क्षेत्रों का व्यापक सर्वे कराया जाए तथा जहां भी वनभूमि पर अवैध कब्जा या पेड़ों की अवैध कटाई पाई जाए, वहां संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध वन एवं राजस्व कानूनों के तहत कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।



**वन भूमि पर चल रहे ट्रैक्टर**

सूत्रों के अनुसार पंडरिया विकासखंड के ग्राम भेड़ागढ़ स्थित बैगापारा बीट क्रमांक-1468 में बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई कर वनभूमि को खेती योग्य बनाए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि ट्रैक्टरों की मदद से खेत तैयार किए जा रहे हैं। हालांकि इस मामले में वन विभाग की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

**अभियान चलाकर कार्रवाई की मांग**

पर्यावरण प्रेमियों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि जिले के सभी वन क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाकर वनभूमि पर अतिक्रमण, अवैध कटाई और खेती करने वालों की पहचान की जाए। साथ ही दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई कर वन संपदा के संरक्षण के लिए नियमित निगरानी व्यवस्था लागू की जाए। उनका कहना है कि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो जिले के प्राकृतिक वन क्षेत्र लगातार सिमटते जाएंगे।

# जिले में धड़ल्ले से बेची जा रही नकली खाद, किसान परेशान



- संघ ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर रखी किसानो की समस्याएं व मांगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

खरीफ सीजन के दौरान जिले में खुलेआम बिक रही कथित नकली खाद को लेकर भारतीय किसान संघ ने गहरी चिंता व्यक्त की है। संघ ने किसानों के हितों की रक्षा और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। संघ का कहना है कि सेवा सहकारी समितियों में खाद की कमी का फायदा उठाकर कुछ व्यापारी किसानों को नकली खाद बेच रहे हैं, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष डोमन चन्द्रवंशी के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में बताया कि खरीफ सीजन में किसान खेती-किसानी के लिए खाद की खरीदारी कर रहे हैं, लेकिन कई स्थानों पर उन्हें असली खाद के नाम पर नकली उत्पाद बेचे जा रहे हैं। इससे किसानों की मेहनत और पूंजी दोनों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

संघ ने बताया कि सेवा सहकारी समितियों में खाद की भारी किल्लत के कारण किसान मजबूरी में निजी दुकानों से अधिक कीमत पर खाद खरीदने को विवश हैं। ऐसे में यदि उन्हें नकली खाद मिलती है तो फसलों की वृद्धि प्रभावित होती है और उत्पादन घटने से किसानों को दोहरा आर्थिक नुकसान झेलना पड़ता है। ज्ञापन में मांग की गई है कि प्रशासन पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर यह पता लगाए कि जिले में नकली खाद की आपूर्ति कहां से हो रही है और इसके पीछे कौन लोग या कंपनियां शामिल हैं।

संघ ने दोषी विक्रेताओं के लाइसेंस तत्काल निरस्त करने, संबंधित कंपनियों और डीलरों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने तथा दोषियों पर कठोर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

**15 दिनों के भीतर कार्यवाही नहीं तो आंदोलन की चेतावनी**

भारतीय किसान संघ ने प्रशासन को 15 दिनों का समय देते हुए चेतावनी दी है कि यदि इस अवधि में नकली खाद बेचने वाले व्यापारियों, सप्लायरों और संबंधित कंपनियों के खिलाफ ठोस कार्रवाई नहीं की गई, तो जिलेभर में चरणबद्ध एवं उग्र आंदोलन शुरू किया जाएगा। जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। संघ ने प्रशासन से खाद की गुणवत्ता की नियमित जांच, संदिग्ध दुकानों पर छापेमारी तथा किसानों के हितों की सुरक्षा के लिए प्रभावी निगरानी व्यवस्था लागू करने की भी मांग की है।

**खबर संक्षेप**

### नवोदय परीक्षा के लिए 31 जुलाई तक आमंत्रित

**कवर्धा।** जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा-2027 के माध्यम से शैक्षणिक सत्र 2027-28 में कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह निःशुल्क है तथा आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है। प्रचार्य एनके लांजेवार ने बताया कि कबीरधाम जिले के सभी शासकीय, अशासकीय एवं मान्यता प्राप्त विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कक्षा पाँचवीं में अध्ययनरत ऐसे विद्यार्थी, जो कबीरधाम जिले के वास्तविक (बोनाफाइड) निवासी हैं तथा जिनकी जन्मतिथि 1 मई 2015 से 31 जुलाई 2017 (दोनों तिथियां सम्मिलित) के बीच है, वे इस परीक्षा के लिए आवेदन कर सकते हैं। चयन परीक्षा का आयोजन 28 नवंबर 2026 को किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पात्रता के अनुसार अभ्यर्थी का शैक्षणिक सत्र 2024-25 में कक्षा तीसरी, 2025-26 में कक्षा चौथी तथा 2026-27 में कक्षा पाँचवीं में पूरे शैक्षणिक सत्र अध्ययनरत होना आवश्यक है।

### प्रधानमंत्री फसल बीमा का पंजीयन 31 तक

**कवर्धा।** किसानों की फसलों को सूखा, अतिवृष्टि, बाढ़, जलभराव, ओलावृष्टि, कीट एवं रोगों सहित प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान से सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ शासन द्वारा खरीफ वर्ष 2026 के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना लागू कर दी गई है। जिले के किसान निर्धारित समय-सीमा के भीतर अपनी अधिसूचित फसलों का बीमा करा सकते हैं। योजना के तहत जिले में धान (सिंचित एवं असिंचित), मक्का, सोयाबीन, अरहर (तुअर), मूंग, उड़द, कोदो, कुटकी, रागी एवं मूंगफली फसलें अधिसूचित की गई हैं। योजना में ऋणी एवं अऋणी दोनों प्रकार के किसान शामिल हो सकते हैं। अधिसूचित ग्रामों में अधिसूचित फसलों के लिए कृषि ऋण लेने वाले किसान योजना में अनिवार्य रूप से शामिल होंगे। वहीं, गैर-ऋणी किसान अपनी इच्छा से आधार कार्ड, बैंक पासबुक, बी-1, खसरा तथा स्व-प्रमाणित फसल बोआई प्रमाण-पत्र प्रस्तुत कर योजना का लाभ ले सकते हैं।

### बारिश पर ब्रेक उमस व गर्मी फिर बढ़ी

**कवर्धा।** हाल के दिनो में हुई झमाझम बारिश के बाद बीते करीब डेढ़ हप्तों से बारिश पर ब्रेक लगा हुआ है और प्रतिदिन चटख धूप खिल रही है। जिससे उमस और गर्मी का प्रकोप एक बार बढ़ गया है और लोग हलाकान तथा परेशान नजर आ रहे हैं। जानकारों के मुताबिक मौसम में आए इस बदलाव का लोगों की सेहद पर भी विपरीत प्रभाव पड़ रहा है लोग बीमार पड़ रहे हैं।

# 15 वर्षों से गंदे पानी से बर्बाद हो रही खेती पीड़ित किसान ने कलेक्टर से लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

विकासखंड कवर्धा के ग्राम खपरी निवासी एक किसान ने पिछले 15 वर्षों से खेत में भर रहे निस्तारी एवं सेप्टिक टैंक के गंदे पानी की समस्या से परेशान होकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है।



किसान का आरोप है कि गांव में पक्की नाली नहीं होने के कारण घरेलू गंदा पानी, सेप्टिक टैंक का अपशिष्ट और कचरा उसके खेत में पहुंचकर फसल को लगातार नुकसान पहुंचा रहा है। समस्या के समाधान के लिए कई बार ग्राम पंचायत एवं प्रशासन से शिकायत करने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

ग्राम खपरी निवासी नन्दकुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि उनके पास लगभग तीन एकड़ कृषि भूमि है। इनमें से करीब एक एकड़ भूमि पिछले कई वर्षों से गांव के नयापारा क्षेत्र से आने वाले घरेलू निस्तारी के पानी, सेप्टिक टैंक के अपशिष्ट, प्लास्टिक, शीशी-बोतल, गुटखा पाउच एवं अन्य कचरे से प्रभावित हो रही है। खेत में लगातार गंदा पानी भरने के कारण खेती करना कठिन हो गया है। पीड़ित किसान के अनुसार, कई बार खेत में समय पर बुआई नहीं हो पाती, तो कभी धान की फसल में बालियां आने के बाद भी पानी भर जाने से कटाई संभव नहीं हो पाती। इससे हर वर्ष हजारों रुपये की फसल बर्बाद हो जाती है और परिवार को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। किसान ने यह भी बताया कि पूरे गांव का गंदा पानी और सेप्टिक टैंक का अपशिष्ट खेत में जमा होने से दुर्गंध फैलती है तथा संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बना रहता है।

उन्होंने कहा कि इस गंभीर समस्या को लेकर कई बार ग्राम पंचायत और संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया गया, लेकिन आज तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकाला गया। किसान नन्दकुमार चन्द्रवंशी ने कलेक्टर से मांग की है कि गांव में शीघ्र पक्की नाली का निर्माण कराया जाए, ताकि निस्तारी एवं सेप्टिक टैंक का गंदा पानी खेतों में जाने से रोका जा सके।

उन्होंने प्रशासन से इस समस्या का तत्काल निराकरण कर किसानों की कृषि भूमि और आजीविका की रक्षा करने की मांग की है।

# प्रशिक्षु छात्रों ने एसपी को दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कबीरधाम पुलिस द्वारा संचालित स्वामी विवेकानंद एकेडमी में पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के स्थानांतरण के उपलक्ष्य में सम्मान एवं विदाई समारोह का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम में एकेडमी के प्रशिक्षु छात्र-छात्राओं ने पुष्पगुच्छ एवं स्मृति-चिन्ह भेंट कर उनका आत्मीय सम्मान किया तथा उनके नेतृत्व, मार्गदर्शन और युवाओं के हित में किए गए प्रेरणादायी कार्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। समारोह को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने विद्यार्थियों को सफलता का मूल मंत्र देते हुए कहा कि अनुशासन, निरंतर परिश्रम, नियमित अभ्यास और आत्मविश्वास ही जीवन में सफलता प्राप्त करने की वास्तविक कुंजी हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी को अपने लक्ष्य के प्रति पूर्ण समर्पण और दृढ़ संकल्प के साथ निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए। कठिन परिश्रम और सकारात्मक सोच से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने स्वामी विवेकानंद एकेडमी को युवाओं के सपनों को साकार करने वाला एक सशक्त मंच बताते हुए विद्यार्थियों से अपने भविष्य के प्रति गंभीर रहकर पूरी लगन के साथ तैयारी करने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्रशिक्षु छात्र-छात्राओं ने कहा कि धर्मेंद्र सिंह का मार्गदर्शन, प्रेरणा और प्रोत्साहन उनके लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत रहेगा।

उनके नेतृत्व में एकेडमी ने अनेक युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं एवं पुलिस भर्ती की तैयारी के लिए सकारात्मक वातावरण उपलब्ध कराया। समारोह के अंत में कबीरधाम पुलिस परिवार की ओर से पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दी गईं।

# बिजली बिल की बढ़ती समस्या के खिलाफ युकां का आंदोलन आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कुई-वानांचल क्षेत्र में लगातार बढ़ रही बिजली बिल की समस्या तथा विद्युत व्यवस्था से जुड़ी आम जनता की परेशानियों को लेकर युवा कांग्रेस कबीरधाम ने आंदोलन का ऐलान किया है।

युवा कांग्रेस जिला एवं ब्लॉक इकाई के संयुक्त तत्वावधान में 15 जुलाई 2026, बुधवार को दोपहर 12 बजे स्थानीय अटल चौक, कुई में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा।

इसके बाद प्रदर्शनकारी कुई विद्युत सब स्टेशन का घेराव कर अपनी मांगों को लेकर विरोध दर्ज कराएंगे। इस संबंध में युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष चंद्रभान कोशले, पंडरिया विधानसभा अध्यक्ष तेजस्वी चंद्रवंशी तथा कुई-कुकदूर ब्लॉक अध्यक्ष कन्हैया रजक ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्र के ग्रामीण लंबे समय से बढ़े हुए बिजली बिल, विद्युत आपूर्ति से संबंधित समस्याओं और विभागीय लापरवाही से परेशान हैं।

कई उपभोक्ताओं को अत्यधिक बिजली बिल मिलने की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं, जिससे आम जनता आर्थिक रूप से प्रभावित हो रही है। युवा कांग्रेस नेताओं ने कहा कि यदि समय रहते बिजली विभाग ने उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान नहीं किया तो संगठन जनहित के मुद्दों पर चरणबद्ध आंदोलन जारी रखेगा। उन्होंने कहा कि जनता की आवाज को बुलंद करने और क्षेत्रवासियों की समस्याओं के समाधान के लिए यह आंदोलन आयोजित किया जा रहा है।

युवा कांग्रेस ने जिले के समस्त कार्यकर्ताओं, कांग्रेस, एनएसयूआई, पार्टी के विभिन्न प्रकोष्ठों एवं आम नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आंदोलन को सफल बनाने की अपील की है। संगठन का कहना है कि जनसहभागिता से ही आम लोगों की समस्याओं का प्रभावी समाधान सुनिश्चित कराया जा सकता है।

# शिक्षकों व छात्राओं ने श्रमदान कर रोपे पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला

शिक्षा सत्र 2026-27 के प्रारंभ होते ही स्कूल शिक्षा विभाग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप स्थानीय पीएम श्री शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बोड़ला में पर्यावरण संरक्षण, शाला सौंदर्यीकरण और जल संरक्षण को लेकर व्यापक अभियान की शुरुआत की गई है।

इसी कड़ी में शाला परिसर में एक वृहद एवं प्रेरणादायक पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें पर्यावरण को बचाने और परिसर को हरा-भरा बनाने का सामूहिक संकल्प गूंजा। छात्राओं ने किया श्रमदान, शिक्षकों ने बढ़ाया हौसला। दिए गए निर्देशों के बाद विद्यालय परिसर में छात्राओं के बीच अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिला। व्याख्याता रवि कुमार वर्मा और श्रीमती सेवती सोनी मैडम की प्रत्यक्ष उपस्थिति और तकनीकी मार्गदर्शन में छात्राओं ने स्वयं कुदाल, गैंती और फावड़ा थामकर क्यारियों की सफाई की। छात्राओं ने पूरी लगन के साथ मिट्टी तैयार की, उसमें जैविक खाद मिलाई और पूरी वैज्ञानिक पद्धति से गड्ढे तैयार किए।

इस दौरान औषधीय, छायादार और सजावटी पौधों का रोपण किया गया। पौधे लगाने के साथ ही उनकी सुरक्षा के लिए तत्काल ट्री-गार्ड और जालीदार फेंसिंग की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई, ताकि पौधे सुरक्षित रह सकें।

# बोल बम कांवड़ यात्रा की तैयारियों को लेकर बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ चिल्फीघाटी

सावन माह में आयोजित होने वाली 28वीं बोल बम कांवड़ यात्रा को लेकर मां सिंहवाहिनी बोल बम समिति की आवश्यक बैठक रविवार को दुर्गा मंदिर परिसर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष ओमशंकर धुर्वे ने की।

बैठक में यात्रा की तैयारियों, सुरक्षा व्यवस्था, अनुशासन, पंजीयन, भोजन, आवास एवं यात्रा मार्ग सहित विभिन्न व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा कर जिम्मेदारियां सौंपी गईं। समिति अध्यक्ष ओमशंकर धुर्वे ने बताया कि 5 अगस्त 2026 को शिवभक्तों का जत्था चिल्फी से मंडला के लिए रवाना होगा। 6 अगस्त को मध्यप्रदेश के मंडला स्थित मां नर्मदा तट से पवित्र जल लेकर श्रद्धालु 110 किलोमीटर की पांच दिवसीय पदयात्रा प्रारंभ करेंगे। यात्रा विभिन्न पड़ावों से होकर सोमवार को चिल्फी पहुंचेगी, जहां स्थानीय शिव मंदिर में भगवान भोलेनाथ का नर्मदा जल से जलाभिषेक कर यात्रा का समापन किया जाएगा।

बैठक में निर्णय लिया गया कि यात्रा में शामिल होने के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि 25 जुलाई 2026 रहेगी तथा सहयोग राशि 1001 रुपये निर्धारित की गई है। समिति ने स्पष्ट किया कि यात्रा में शामिल होने वाले सभी श्रद्धालुओं को समिति द्वारा निर्धारित नियमों का पालन करना अनिवार्य होगा। समिति अध्यक्ष ओमशंकर धुर्वे ने कहा कि सावन माह भगवान शिव की आराधना का विशेष पर्व है।

इस पावन माह में मां नर्मदा का जल लाकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करने का विशेष धार्मिक महत्व माना जाता है। उन्होंने क्षेत्र के अधिक से अधिक शिवभक्तों, युवाओं, महिलाओं एवं श्रद्धालुओं से इस धार्मिक पदयात्रा में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की। साथ ही समय पर पंजीयन कर अनुशासन एवं श्रद्धा के साथ यात्रा में सहभागिता निभाने का आग्रह किया। समिति के संरक्षक रत्नदेव उसराठे,लालाराम यदु मार्गदर्शक बिंदा त्रिवेदी विकास द्विवेदी व्यवा स्थापक बृजेश तिवारी के मार्गदर्शन में मां सिंहवाहिनी बोल बम समिति पिछले कई वर्षों से लगातार कांवड़ यात्रा का सफल आयोजन करती आ रही है।

इस वर्ष भी यात्रा को भव्य, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराने की तैयारी की जा रही है। बैठक में अध्यक्ष ओमशंकर धुर्वे, उपाध्यक्ष निमेश झारिया, कोषाध्यक्ष राकेश निषाद, सचिव संजू राजपूत, सहसचिव अनिल देशमुख सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

**स्कूली बच्चों व छात्राओं को पुस्तक एवं निःशुल्क साइकिल वितरित**

# संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाण्डातराई

संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन मंगलवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुसुमघटा में उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का आत्मीय स्वागत किया गया तथा उन्हें पुस्तकें वितरित की गईं। वहीं कक्षा नवमी में प्रवेश लेने वाली बालिकाओं को शासन की योजना के तहत निःशुल्क साइकिल प्रदान की गई। इस अवसर पर संकुल क्षेत्र के मेधावी विद्यार्थियों को चांदी के मेडल देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चंद्रशेखर वर्मा थे, जबकि अध्यक्षता वैष्णव ने की। विशिष्ट अतिथियों में कन्हैया राम कुर्रे, ग्राम पंचायत कुसुमघटा के सरपंच शिवनाथ वर्मा, उपसरपंच ध्रुव वर्मा, पंच प्रवीण वर्मा, ग्राम पंचायत नेउरगांव कला के सरपंच विवेकानंद चंद्रवंशी, शनि यादव, विद्यालय के नव नियुक्त प्राचार्य संजय कुमार केवर्त, संकुल के शिक्षक, छात्र-छात्राएं एवं बड़ी संख्या में पालक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान कक्षा पहली, छठवीं एवं नवमी में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया। साथ ही कक्षा नवमी की नवप्रवेशी छात्राओं को निःशुल्क साइकिलें प्रदान कर उन्हें नियमित रूप से विद्यालय आने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

इस अवसर पर संकुल क्षेत्र की कक्षा पांचवीं, आठवीं, दसवीं एवं बारहवीं की बोर्ड परीक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को एसबी लाइफ की ओर से हेमराज कश्यप द्वारा चांदी के मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया।

**शिक्षा से ही व्यक्तित्व निर्माण संभवः चन्द्रशेखर वर्मा**



मुख्य अतिथि चंद्रशेखर वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा केवल ज्ञान अर्जित करने का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण का आधार है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ संस्कार, माता-पिता का सम्मान, अनुशासन और स्वच्छता जैसे गुण भी जीवन में उतने ही आवश्यक हैं। यदि इन मूल्यों का विकास नहीं होता तो शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य अधूरा रह जाता है। विशिष्ट अतिथि प्रवीण वर्मा ने कहा कि बच्चों का सर्वांगीण विकास विद्यालय के माध्यम से ही संभव है। वहीं विद्यालय के नव नियुक्त प्राचार्य संजय कुमार केवर्त ने विश्वास दिलाया कि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुसुमघटा में विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ बेहतर संस्कार भी प्रदान किए जाएंगे।